दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली।।शनिवार 03 अगस्त -2024 | वर्ष : 8 अंक : 295 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3

## देशभर में श्रावण शिवरात्रि की धूम
### हर-हर महादेव के नारों से गूंज उठे शिवालय



**नई दिल्ली।** महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को पूजा करने के लिए दिल्ली समेत देश के विभिन्न हिस्सों में मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। कई जगहों पर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। दिल्ली के कई मंदिरों में लोग सुबह से ही शिवालयों के बाहर नजर आए। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में भी श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिला। वे भगवान शिव को दूध और फल-फूल चढ़ाने के लिए लंबी कतारों में खड़े होकर इंतजार कर रहे थे। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध मंदिर और अन्य मंदिरों में भगवान शिव के दर्शन करने के लिए हजारों भक्त उमड़े। मंदिर और उसके आसपास के क्षेत्र ओम नमः शिवाय', हर हर महादेव' और जय भोलेनाथ' के उद्घोष से गूंज उठे। देश के 12 ज्योतिलिंगों में से एक त्र्यंबकेश्वर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। कपालेश्वर, सोमेश्वर, तेलभांडेश्वर, भगवान बाणेश्वर और नरोशंकर मंदिरों में भी पहुंचे। लोगों ने रामकुंड और तीर्थराज कुशावर्त में पवित्र डुबकी लगाई। अधिकारियों ने कहा कि भीड़ प्रबंधन के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने महाशिवरात्रि के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भगवान शिव से देश के लोगों की शांति और समृद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की। शिवरात्रि श्रद्धालुओं द्वारा उपवास, अनुष्ठान, जप और ध्यान के साथ मनाई जाती है और आशा है कि भगवान शिव इस शुभ दिन पर आशीर्वाद बरसाएंगे।




# सावन शिवरात्रि भोर से लेकर रात तक गूंजा हर-हर महादेव
# हजारों कांवड़ियों और भोले बाबा के भक्तों ने किया जलाभिषेक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सावन शिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को भी दिनभर शहर के प्रमुख और प्राचीन मंदिरों में भगवान शिव शंकर का जलाभिषेक कार्यक्रम चला। दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में जहां दोपहर बाद भोले बाबा के भक्तों और हजारों की संख्या में कांवड़ियों की लंबी-लंबी कतारें देखी गई। तो वहीं शहर के अलग-अलग मंदिरों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और भगवान आशुतोष का शिव भक्तों ने पूजन कर आरती के बाद आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में महंत नारायण गिरी और मंदिर समिति के प्रमुख धर्मपाल गर्ग ने विशेष पूजा अर्चना कर शिव भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। सावन शिवरात्रि के मद्देनजर बड़ी संख्या में दूधेश्वरनाथ मंदिर में पुलिस बल और पुलिस के आलाधिकारी मौजूद रहे। तो वहीं ड्रोन कैमरे, सीसीटीवी, बॉडी वार्न कैमरे के जरिए सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली गई।



**दोपहर बाद नजर आया शिव भक्तों का सैलाब**

**दूधेश्वरनाथ मंदिर में लगी शिव भक्तों की लंबी कतारें**

**शहर के अन्य मंदिरों में भी किया गया जलाभिषेक**





## जलाभिषेक के लिए लगी लंबी-लंबी कतारें

**करंट क्राइम :** सावन मास में शिवरात्रि का महत्व क्या होता है, यह शुक्रवार को शिव मंदिरों के बाहर का नजारा बता रहा था। गाज़ियाबाद के प्राचीन दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में सुबह से ही भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही थीं। तो वहीं दोपहर बाद बड़ी संख्या में कांवड़ियों और शिव भक्तों की



लंबी-लंबी कतारें भी पूजा अर्चना के लिए देखी गई। इस दौरान मंदिर के मुख्य द्वार पर सजावट करने के साथ ही विशेष पूजन और श्रृंगार भी किया गया था।

## जलाभिषेक करने से मिलता है विशेष आशीर्वाद : महंत नारायण गिरी

**करंट क्राइम :** दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी का कहना है कि जिन



भक्तों ने सावन की शिवरात्रि पर भोले बाबा का जलाभिषेक किया है। उन्हें विशेष आशीर्वाद मिलता है। शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध, घी, गंगाजल, शहद, पंचमेवे और मिष्ठान अर्पित करने से जीवन में आने वाली सभी बाधाएं भी दूर होती हैं। जलाभिषेक का अपना महत्व है और शिवरात्रि पर ऐसा करने से जीवन में आने वाले सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।

## नहीं आए मुख्यमंत्री और स्थगित हुआ पुष्प वर्षा कार्यक्रम

**करंट क्राइम :** शुक्रवार को सावन शिवरात्रि के अवसर पर गाजियाबाद के प्रसिद्ध दूधेश्वरनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा यहां पुष्प वर्षा का कार्यक्रम प्रस्तावित था। जिसके लिए लखनऊ से बाकायदा कार्यक्रम भी जारी हो गया था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को मौसम खराब होने की वजह से यह कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। जिस वजह से दूधेश्वरनाथ मंदिर पर पुष्प वर्षा भी नहीं हो पाई। बता दें कि यह पहला मौका है जब बीते कई सालों के दौरान प्रशासन और सरकार की ओर से गाजियाबाद जिले में होने वाला पुष्प वर्षा कार्यक्रम संपन्न नहीं हुआ है।

## सीपी से लेकर एडिशनल सीपी व डीसीपी तक रहे सुरक्षा में तैनात



**करंट क्राइम :** सावन की शिवरात्रि के मद्देनजर दूधेश्वरनाथ मंदिर में बड़ी संख्या में पुलिस बल और पुलिस के आलाधिकारी हालात का जायजा व निरीक्षण के लिए यहां मौजूद रहे। खुद पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र के साथ ही एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार चौरसिया, एसीपी घंटाघर रितेश त्रिपाठी ,एसीपी कांवड़ यात्रा प्रभारी श्वेता यादव, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों के साथ ही थाना प्रभारी और पुलिस बल को यहां तैनात किया गया था। साथ ही सुरक्षा का हाल जानने के लिए यहां ड्रोन कैमरे के साथ ही बॉडी वार्म और सीसीटीवी के जरिए भी निगरानी की गई।








# दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पहुंचे राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप
# सम्पादक मनोज गुप्ता और समाचार संपादक दीपक भाटी ने किया स्वागत

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप शुक्रवार को दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका स्वागत सम्पादक मनोज गुप्ता तथा समाचार संपादक दीपक भाटी ने किया। इस अवसर पर करंट क्राइम परिवार के सदस्यों ने भी उनका स्वागत किया। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने दैनिक करंट क्राइम की कार्यशैली और खबरों की गुणवत्ता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज के चुनौती भरे माहौल में दैनिक करंट क्राइम जिस तरह से निष्पक्ष पत्रकारिता कर रहा है। वह उसके लिए काबिल-ए-तारीफ है। इसके लिए सम्पादक मनोज गुप्ता और समाचार सम्पादक दीपक भाटी की प्रशंसा करता हूं कि आज के दौर में वो अखबारी स्वाभिमान की रक्षा करते हुए दूसरों का सम्मान करते हुए पत्रकारिता के पथ पर सफलतापूर्वक चल रहे हैं।











## -आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला-

# क्या दलितों व आदिवासियों का जीवन भेदभाव मुक्त हो गया? मायावती ने उठाए सवाल



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दिए गए फैसले पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि क्या दलितों व आदिवासियों का जीवन द्वेष व भेदभाव-मुक्त हो गया है? ऐसे में आरक्षण का बंटवारा कितना उचित है? उन्होंने भाजपा-कांग्रेस को भी निशाने पर लिया और कहा कि एससी-एसटी व ओबीसी लेकर दोनों दलों का रवैया उदारवादी रहा है सुधारवादी नहीं।

उन्होंने सोशल साइट एक्स पर कहा कि सामाजिक उत्पीड़न की तुलना में राजनीतिक उत्पीड़न कुछ भी नहीं। क्या देश के खासकर करोड़ों दलितों व आदिवासियों का जीवन द्वेष व भेदभाव-मुक्त आत्म-सम्मान व स्वाभिमान पूर्ण का हो पाया है। अगर नहीं तो फिर जाति के आधार पर तोड़े व पछाड़े गए इन वर्गों के बीच आरक्षण का बंटवारा कितना उचित?

देश के एससी, एसटी व ओबीसी बहुजनों के प्रति कांग्रेस व भाजपा दोनों ही पार्टियों और सरकारों का रवैया उदारवादी रहा है सुधारवादी नहीं। वे इनके सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति के पक्षधर नहीं हैं। वरना इन लोगों द्वारा आरक्षण को संविधान की 9वीं अनुसूची में डालकर इसकी सुरक्षा जरूर की गई होती।

■ सामाजिक उत्पीड़न की तुलना में राजनीतिक उत्पीड़न कुछ भी नहीं। क्या देश के खासकर करोड़ों दलितों व आदिवासियों का जीवन द्वेष व भेदभाव-मुक्त आत्म-सम्मान व स्वाभिमान का हो पाया है। अगर नहीं तो फिर जाति के आधार पर तोड़े व पछाड़े गए इन वर्गों के बीच आरक्षण का बंटवारा कितना उचित?

■ देश के एससी, एसटी व ओबीसी बहुजनों के प्रति कांग्रेस व भाजपा दोनों ही पार्टियों/सरकारों का रवैया उदारवादी रहा है सुधारवादी नहीं। वे इनके सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति के पक्षधर नहीं वरना इन लोगों के आरक्षण को संविधान की 9वीं अनुसूची में डालकर इसकी सुरक्षा जरूर की गयी होती।

बता दें कि आरक्षण को लेकर बृहस्पतिवार को दिए गए अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी कोटे के भीतर कोटा को वैधानिक करार दिया है और क्रीमी लेयर को आरक्षण से बाहर करने की बात कही है।

# डीडीए की बोर्ड बैठक में एलजी दोषियों पर कार्रवाई के साथ पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाएंगे: दिलीप पांडे




**नई दिल्ली।** दिल्ली के मयूर विहार फेस तीन में डीडीए के खुले नाले में गिरकर हुई मां-बेटे की मौत को लेकर, आम आदमी पार्टी के विधायक एवं डीडीए के सदस्य दिलीप पांडे ने एलजी को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस घटना को दो दिन होने वाले हैं, लेकिन अभी तक किसी जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हमने एलजी साहब के सामने जनता के हितों को उठाया और उन्होंने हमारी बात सुनी है। इस मामले में भी हमें भरोसा है कि वह सख्त कार्रवाई करके कड़ा संदेश देंगे, ताकि भविष्य में दोबारा ऐसी घटना न हों।

विधायक दिलीप पांडे ने कहा है कि 31 जुलाई की रात को दिल्ली के कोंडली विधानसभा में हुए दुखद हादसे में दो निर्दोष जान चली गई। हम बार-बार कहते आ रहे हैं कि भाजपा दिल्ली वालों से नफरत करती है। उसकी नजर में दिल्ली वालों की जान की कोई कीमत नहीं है। दिल्ली के बॉर्डर इलाके में जिस नाले का पुनर्निर्माण का कार्य चल रहा था, वहां डीडीए के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से एक महिला और उसके ढाई साल के बच्चे की जान चली गई।

दिलीप पांडे ने कहा कि दुर्भाग्य से मैं भी उस डीडीए में कम हैसियत रखने वाला मामूली सा सदस्य हूं। लेकिन दिल्ली का एक नागरिक और डीडीए का सदस्य होने के नाते मैंने डीडीए के अध्यक्ष एलजी साहब को एक पत्र लिखा है। एलजी साहब ही डीडीए चलाते हैं। ऐसे कई मौके आए जब हमने जनता के हक के लिए एलजी साहब के सामने बात रखी और उन्होंने इसे सुना। यह चिट्ठी भी उन तक जरूर पहुंचेगी। मुझे उम्मीद है कि इस घटना के लिए जो भी लापरवाह अधिकारी शामिल हैं, एलजी साहब हक और इंसाफ की आवाज बनते हुए उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे और एक कड़ा संदेश देंगे, ताकि आगे डीडीए की ऐसी लापरवाही से कभी भी किसी और बेगुनाह को अपनी जान न गंवानी पड़े।

दिलीप पांडे ने एलजी को चिट्ठी लिखने की वजह बताते हुए कहा कि इस घटना को बीते अब 36 घंटे से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन मेरी जानकारी में अभी तक किसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। अगले हफ्ते डीडीए की बोर्ड मीटिंग है। हमें उम्मीद है कि इस बैठक में एलजी साहब न सिर्फ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे, बल्कि पीड़ित परिवार को मुआवजा भी दिलवाएंगे, ताकि इस घटना के बाद अपनी आगे की जिंदगी बिताने के लिए उनकी थोड़ी आर्थिक मदद हो सके। इन सारी बातों को मैंने इस पत्र में लिख दिया है। आज यह उन तक पहुंच जाएगा। मैं बड़ी उम्मीद और भरोसे के साथ यह चिट्ठी लिख रहा हूं कि एलजी साहब इस पर जरूर कार्रवाई करेंगे।

# केंद्रीय पुस्तकालय में रखी जाएंगी पीएम मोदी पर लिखी पुस्तकें, स्पेशल कलेक्शन कॉर्नर भी बनेगा



**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के केंद्रीय पुस्तकालय की ओर से पीएम मोदी पर लिखी गईं पुस्तकें खरीदी जाएंगी। पुस्तक क्रय समिति की ओर से यह निर्णय लिया गया है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के विद्यार्थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लिखी पुस्तकों को पढ़ सकेंगे। विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय की ओर से पुस्तकें खरीदी जाएंगी। केंद्रीय पुस्तकालय में एक स्पेशल कलेक्शन कॉर्नर भी बनवाया जाएगा। इसमें विश्वविद्यालय से जुड़े महापुरुषों (शिवप्रसाद गुप्त, महात्मा गांधी, मुंशी प्रेमचंद, आचार्य नरेंद्र देव) और उन पर लिखी पुस्तकें भी खरीदी जाएंगी। विश्वविद्यालय की पुस्तक क्रय समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया है। प्रशासनिक भवन के सामने बने केंद्रीय पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए पुस्तकों की खरीद, पुस्तकालय में अन्य सुविधाओं को लेकर 22 जुलाई को कुलपति प्रो. एके त्यागी की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। इसके मिनट्स भी वेबसाइट पर अपलोड हो चुके हैं।

बैठक में कई फैसले लिए गए, लेकिन कुलपति की अनुमति से अन्य बिंदुओं पर विचार की बात सामने आई तो समिति के सदस्यों ने प्रधानमंत्री पर लिखी गई पुस्तक को खरीदने का फैसला लिया। हालांकि, पीएम पर लिखी कौन-कौन सी पुस्तकें खरीदी जाएंगी, इसका मिनट्स में जिक्र नहीं है।

### ऑडिट आपत्ति के बाद अब सजगता बरतेगा विश्वविद्यालय

काशी विद्यापीठ में रूसा योजना के तहत बुक बैंक की स्थापना के लिए जो पुस्तकें खरीदी गई थीं, उस पर ऑडिट आपत्ति आने के बाद अब खरीदारी में सजगता बरती जाएगी। उत्तर प्रदेश महालेखाकार के संपरीक्षा दल की ओर से आपत्ति लगाई गई थी। अब केंद्रीय पुस्तकालय के साथ ही विभागीय पुस्तकालय में पुस्तकों की खरीदारी में पारदर्शिता, मितव्ययिता लाने के उद्देश्य से भी फैसले हुए हैं। पुस्तकों की खरीदारी के लिए आंतरिक उपसमिति भी गठित की गई है। देश में पहले भी जो प्रधानमंत्री (पं. जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, अटल विहारी वाजपेयी) रहे हैं, उन पर लिखी पुस्तकें विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में रखी हैं। पीएम नरेंद्र मोदी पर लिखी पुस्तकें कोविड काल में खरीदी जानी थी। महापुरुषों पर आधारित पुस्तकें भी मंगाई जाएंगी।

# भोले के जयघोष से गूंजा पुरा महादेव, छह लाख भक्तों ने किया जलाभिषेक... हेलिकॉप्टर से बरसे फूल



**मेरठ।** बागपत के पुरा महादेव मंदिर में गुरुवार को छह लाख से भी ज्यादा शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। वहीं आज तीन बजे के बाद से लाखों श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। इसके लिए सुबह से ही लंबी लाइनें लगी रहीं। वहीं श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। पुरा के परशुरामेश्वर महादेव मंदिर पर सुबह से ही कांवड़ियों का सैलाब उमड़ पड़ा। वहां सुबह से भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों व श्रद्धालुओं की चार किमी लंबी लाइन लगी रही। मंदिर में गुरुवार से अभी तक छह लाख से ज्यादा भक्तों ने जलाभिषेक किया। आज सुबह से ही शिवभक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। लाखों श्रद्धालुओं के जलाभिषेक करने की उम्मीद है। वहीं अधिकारियों ने हेलिकॉप्टर से जलाभिषेक करने वाले कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की।

पुरा महादेव मंदिर में चल रहे चार दिवसीय श्रावणी मेले में दूसरे दिन कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं आज शिवरात्रि के दिन मंदिर में त्रयोदशी का जलाभिषेक करने के लिए सुबह से लाइन लगनी शुरू हो गई थी। कांवड़ियों व श्रद्धालुओं की लाइन परशुराम खेड़ा तक पहुंच गई और वहां लाइन में लगने के बाद पांच घंटे में जलाभिषेक का नंबर आया। इसके बाद ही हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए लाखों कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। भीड़ को देखते हुए व्यवस्था बनाने के लिए मंदिर में आरएएफ के साथ ही पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं, जबकि पुलिस को बाहर की तरफ लगाया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित जयभगवान शर्मा ने बताया कि गुरुवार देर शाम तक मंदिर में छह लाख कांवड़ियों व श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया है। वहीं डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने मंदिर में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को कांवड़ियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने देने के निर्देश दिए।

### झंडा पूजन के बाद शुरू होगा चतुर्दशी का जलाभिषेक

मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित जयभगवान शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर 2 बजकर 26 मिनट पर झंडा पूजन शुरू होगा और 3 बजकर 26 मिनट पर झंडारोहण करने के बाद चतुर्दशी का जलाभिषेक किया जाएगा। चतुर्दशी पर जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िये मंदिर में रुकना शुरू हो गए। क्योंकि काफी कांवड़िये अपनी मन्नत के अनुसार चतुर्दशी का जलाभिषेक करते हैं।

### हेलिकॉप्टर से डीएम व एसपी ने किया सर्वेक्षण... बरसाए फूल

डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बृहस्पतिवार को हेलिकॉप्टर से पुरा महादेव मंदिर और आसपास के मार्गों पर हवाई सर्वेक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके साथ ही जलाभिषेक के लिए पहुंचे कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। हेलिकॉप्टर ने पुलिस लाइन से उड़ान भरी और करीब एक घंटे तक सर्वेक्षण और पुष्पवर्षा के बाद अधिकारियों को वापस छोड़ा गया। कांवड़ियों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए वाच टावर और कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी गई। कैमरों से सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा था। मेले में की खरीदारीपुरा महादेव मंदिर परिसर में लगे मेले में श्रद्धालुओं व कांवड़ियों ने खरीदारी की। जहां महिलाओं ने घरेलू सामान के अलावा मूर्ति, माला, सिंदूर आदि सामान खरीदा। वहीं उनके साथ आए बच्चों ने खिलौने लिए। वहां भीड़ को देखते हुए दुकानदारों के चेहरे भी खिले रहे।

## न्यूज डायरी

# आशा किरण शेल्टर होम में हुई 14 मौतों पर सियासत शुरू, शहजाद पूनावाला और मनोज तिवारी ने आप को घेरा



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के रोहिणी इलाके में बने आशा किरण शेल्टर होम में 14 की लोगों की मौत हो गई। दिल्ली सरकार ने तत्काल मामले पर एक्शन लिया है और 48 घंटे के अंदर रिपोर्ट भी मांगी है। वहीं, इस मामले में भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला, भाजपा सांसद मनोज तिवारी और अन्य नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, 'पिछले कुछ महीनों में यहां 27 मौतें हुई हैं। इसका कारण गंदा पानी, संक्रमण, तपेदिक और निमोनिया लग रहा है। ऐसी कई खबरें मीडिया में चल रही हैं। सवाल यह है यह किसकी लापरवाही है? यह आप सरकार की आपराधिक लापरवाही है, क्योंकि यह आश्रय गृह (शेल्टर होम) चलाना उनका काम है। इसका मतलब है कि इसमें भ्रष्टाचार के साथ-साथ आपराधिक लापरवाही भी है, जिसके कारण 27 लोगों की जान चली गई।' शहजाद पूनावाला ने कहा, 'मैंने वहां एक टीम भेजी है। मुझे लगता है कि एनएचआरसी को भी इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए।'

**भाजपा सांसद मनोज तिवारी** ने कहा, 'दिल्ली में सांस लेना मुश्किल है, खबरें पढ़ना मुश्किल है...आशा किरण में मानसिक रूप से विक्षिप्त लोगों को रखा जाता है। जानकारी मिली है कि बच्चों को ठीक से खाना नहीं दिया जाता। वहां अगर बच्चे बीमार पड़ जाएं तो उन्हें इलाज नहीं मिलता। आम आदमी पार्टी को अपने पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। आए दिन ऐसी खबरें आती हैं..आम आदमी पार्टी जो कहती है वो करती कहां है?

राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा, 'पिछले 20 दिनों में दिल्ली सरकार द्वारा संचालित आशा किरण आश्रय गृह में 13 मौतें हुई हैं। कारण अभी तक ज्ञात नहीं हैं..जब मैं डीसीडब्ल्यू में थी तो मैंने स्थिति का निरीक्षण किया था। यहां स्थिति बहुत खराब है, क्योंकि न तो उचित स्टाफ है और न ही उचित डॉक्टर हैं। हमने उस समय एक रिपोर्ट बनाई और दिल्ली सरकार को सौंपी, लेकिन उस समय कोई कार्रवाई नहीं की गई। मैं मांग करती हूं कि इस मामले में कार्रवाई की जाए और एफआईआर दर्ज की जाए...मैं इस मुद्दे को संसद में उठाऊंगी।'

### डायरिया के कारण हुई मौतें: एनसीडब्ल्यू प्रमुख रेखा शर्मा

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की प्रमुख रेखा शर्मा ने कहा, 'यहां कई मौत के मामले सामने आए हैं और प्रथम दृष्टया पानी दूषित है, कोई फिल्टर सुविधा नहीं है..उनमें से ज्यादातर की मौत डायरिया के कारण हुई है। शेल्टर होम में भीड़भाड़ है, शौचालय की कोई सुविधा नहीं है..मैंने कागजात की मांग की है। प्रवेश और निकास के लिए कोई रजिस्टर नहीं है। कोई बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं है। यहां मौजूद कर्मचारी अप्रशिक्षित हैं और अनियमित हैं।

# भारत टोगो के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है: ओम बिरला



**नई दिल्ली।** टोगो के मंत्रियों, सांसदों, संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों और सलाहकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। टोगो शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए बिरला ने कहा कि भारत और टोगो के बीच हमेशा से सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंध रहे हैं और भारत ने टोगो के सामाजिक-आर्थिक विकास में अपना पूरा सहयोग दिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत भविष्य में भी टोगो को अपना पूर्ण सहयोग देने को तैयार है। 1947 में भारत द्वारा संसदीय लोकतंत्र को अपनाए जाने और भारत के संविधान का प्रारूप तैयार किए जाने की प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि यह एक लंबी प्रक्रिया थी क्योंकि हमारे संविधान निमार्ताओं ने दुनिया के सभी प्रमुख संविधानों का बारीकी से अध्ययन किया और उनकी सर्वोत्तम विशेषताओं को भारतीय संविधान में शामिल किया। संविधान सभा में सभी प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# भाजपा के अंदर मतभेद अब मनभेद की ओर बढ़ रहा: अजय राय



**लखनऊ।** यूपी सरकार में नजूल भूमि अधिग्रहण बिल पर बवाल छिड़ा हुआ है। राज्य की विपक्षी पार्टियों के साथ-साथ सत्ताधारी एनडीए घटक दल के कई नेता भी इसका विरोध कर रहे हैं। इस मुद्दे पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आईएएनएस के साथ खास बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया दी और कहा भाजपा के अंदर जो मतभेद है, वो अब मनभेद की तरफ बढ़ रहा है। अजय राय ने कहा, नजूल की जमीन बहुत ही महत्वपूर्ण जगहों पर है। खास तौर पर कई शहर ऐसे हैं, जो नजूल की संपत्ति पर बसे हुए हैं। मेरा मानना है कि सरकार नजूल की जमीनों को केवल गुजराती व्यापारियों को बेचने की तैयारी कर रही है। इनको वोट बैंक के साथ-साथ नोट बैंक भी चाहिए।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा, सरकार में जो विधायक चुनकर आते हैं, लगता है इनकी आपस में विधेयक को लेकर कोई चर्चा नहीं होती। बिल विधानसभा में आता है, इसके बाद विधान परिषद के कार्य पटल पर जाता है और संसदीय कार्य मंत्री द्वारा इसको प्रस्तुत किया जाता है। लेकिन, उसके बाद बिल को रोक दिया गया। मुझे लगता है, इन लोगों ने बिल को पढ़ा नहीं या फिर इनको जानकारी नहीं है। ये लोग आपस में ही लड़ रहे हैं, इसका मतलब है कि भाजपा में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। आपस में जो मतभेद हैं, वो अब मनभेद की तरफ बढ़ता जा रहा है। यूपी कैबिनेट के मंत्री संजय निषाद ने कहा था कि अगर हम, लोगों के घरों को उजाड़ेंगे तो एक दिन जनता हमें सरकार से उखाड़ फेंकेगी। इस पर अजय राज ने कहा, भाजपा सरकार पहले से ही लोगों के घर उजाड़ रही है। रोज बुलडोजर चल रहा है। लखनऊ के अकबरनगर में लोगों के घरों को पूरी तरीके से उजाड़ दिया। अब यूपी की जनता सरकार को उखाड़ने का मन पूरी तरीके से बना चुकी है, लोकसभा का परिणाम सभी के सामने है और जो बचा है, वो 2027 के विधानसभा चुनाव में पूरा हो जाएगा। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की छापेमारी होने वाली आशंका को लेकर अजय राय ने कहा, भाजपा का काम ही है षड़यंत्र रचना और ये लोग राहुल गांधी के पीछे शुरूआत से ही पड़े हैं। हालांकि ये कुछ कर नहीं पाएंगे क्योंकि राहुल गांधी ईमानदार हैं।

# सांसद कुशवाहा के ठिकाने पर ईडी की रेड, करोड़ों की जमीन जब्त की

## बुलडोजर भी पहुंचा, 2 दिन पहले बने थे सपा के उपनेता





**लखनऊ।** सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा पर ईडी ने शुक्रवार को शिकंजा कसा। सांसद की लखनऊ में करोड़ों की जमीन जब्त कर ली है। कार्रवाई के लिए एऊकी टीम बुल्डोजर लेकर पहुंची, जिससे अवैध निर्माण को ढहाया जा सके। बाबू सिंह कुशवाहा जौनपुर से सांसद हैं। बसपा सरकार में हुए एनआरएचएम घोटाले के मुख्य आरोपियों में शामिल रहे हैं। बाबू सिंह कुशवाहा की लखनऊ के कानपुर रोड पर स्कूटर इंडिया के सामने करोड़ों की जमीन है। इस पर सांसद के हिंदी अखबार की प्रिंटिंग मशीन लगी है। ईडी बाबू सिंह कुशवाहा की भ्रष्टाचार से खरीदी गई संपत्तियों की जांच कर रही है। इसी दौरान इस जमीन का पता चला।

### ईडी की कार्रवाई पर राजनीति तेज

सपा के प्रवक्ता आजम खान ने कहा कि जौनपुर सांसद के खिलाफ की गई कार्रवाई गैरकानूनी है। जौनपुर में भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर को हराने की वजह से यह कार्रवाई की गई है। कृपाशंकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नजदीकी हैं। उन्हीं के इशारे पर यह कार्रवाई की गई है। सपा विधायक संग्राम सिंह ने कहा कि देश जानता है कि भाजपा ऐसी कार्रवाई करती है। बाबू सिंह कुशवाहा लाखों वोट से जीत कर आए हैं। अब कार्रवाई की याद क्यों आ रही है। भाजपा का उत्तर प्रदेश से सफाया निश्चित है।

### लोकसभा चुनाव 2024 में जीत दर्ज की थी

बाबू सिंह कुशवाहा ने वर्षों का राजनीतिक वनवास काटने के बाद लोकसभा चुनाव 2024 में जीत दर्ज की थी। समाजवादी पार्टी ने उन्हें अपने टिकट पर जौनपुर सीट से उतारा था। उन्होंने भाजपा के कृपाशंकर सिंह को हराया। जौनपुर से पूर्व सांसद और बाहुबली नेता धनंजय सिंह के भाजपा को समर्थन दिए जाने के बाद भी कुशवाहा सफल रहे थे।

### जेल में बंद रहे 4 साल

तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती की सरकार में कुशवाहा परिवार कल्याण मंत्री थे। सपा सांसद राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनएचआरएम) घोटाले के आरोपी हैं। इस केस में वह 4 साल तक जेल में भी बंद रहे थे। उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग और आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज है।

### आठ मामलों में आरोप तय

सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा के खिलाफ अब तक आठ मामलों में आरोप तय हो चुके हैं। वहीं, आय से अधिक संपत्ति मामले में उनके खिलाफ लगातार एक्शन चल रहा है। बाबू सिंह कुशवाहा पर आय से अधिक संपत्ति मामला सामेत कई केस चल रहे हैं। सांसद के खिलाफ ईडी के साथ-साथ सीबीआई की भी जांच चल रही है। कांग्रेस सांसद ने चक्रव्यूह वाले बयान के बाद खुद के खिलाफ ईडी एक्शन की आशंका जताई थी। हालांकि, इंडिया गठबंधन के सांसद पर अब ईडी की गिरफ्त कसती दिख रही है।

### घोटाले की रकम से बेनामी संपत्ति बनाने का आरोप

ईडी बाबू सिंह कुशवाहा के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत 10 साल से जांच कर रही है। ईडी ने आय से अधिक संपत्ति का भी मामला दर्ज किया है। जांच के दौरान पता चला कि कुशवाहा ने घोटालों की रकम से कई बेनामी संपत्ति बनाई है। इन संपत्तियों का बेनामीदार कोई और था। इसी में से एक जमीन कानपुर रोड में भी थी। इसे कुशवाहा ने विंध्य शक्ति सीमेंट कंपनी के नाम से खरीदा था। ईडी ने जांच में पाया कि सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ठफ्लट और उप्र श्रम निर्माण एवं सहकारी संघ लिमिटेड में भ्रष्टाचार से अरबों रुपए बेनामी संपत्तियों में लगाया था। एजेंसी ने जांच में पाया कि बहुत सी संपत्तियां बाबू सिंह कुशवाहा के परिवार और कुछ उनके करीबियों के नाम पर हैं। ईडी अब तक करीब ढाई सौ करोड़ की संपत्ति सीज कर चुकी है।

### दो दिन पहले अखिलेश यादव ने बनाया था सपा संसदीय दल का उपनेता

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दो दिन पहले लोकसभा में समाजवादी संसदीय दल का उपनेता बनाया था। पार्टी के संसदीय दल के नेता खुद अखिलेश यादव हैं। मालूम हो कि हाउस में नेता की गैरमौजूदगी में उप नेता सारा काम देखते हैं। अगर अखिलेश यादव किसी कारण वश सदन से गैरहाजिर रहते हैं तो संसद की कार्यवाही के दौरान बाबू सिंह कुशावाहा का रोल अहम होगा।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# सियासत की सबसे मजबूत नब्ज पर रख दिया है कांग्रेस नेताओं ने हाथ

## पब्लिक मुद्दों को लेकर सड़कों पर उतरते कांग्रेसी अगर एकजुट हों तो बनेगी बात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में संघर्ष का दूसरा नाम विपक्ष है। जो संघर्ष करेगा और सड़क पर आयेगा वो इन दोनों 'स' यानि संघर्ष और सड़क के साथ तीसरे 'स' यानि सत्ता में आ जायेगा। हालांकि अभी कांग्रेस के संघर्ष को सत्ता से जोड़ना जल्दी होगी लेकिन कांग्रेस के नेताओं ने गाजियाबाद में सियासत की सबसे मजबूत नब्ज पर हाथ रख दिया है। कांग्रेस का ये हाथ जन मुद्दों पर पब्लिक के साथ दिखाई दे रहा है। कांग्रेस के नेता सड़कों पर उतर रहे हैं। एक लंबे समय से जो खामोशी कांग्रेसी खेमे में दिखाई देती थी अब कांग्रेस खेमे में गर्मजोशी दिखाई देती है। उसके नेता कांग्रेस के दफ्तर पर एकत्र होते हैं। जो कांग्रेस पिछले एक दशक में बैकफुट पर दिखाई देती थी अब वो कांग्रेस फ्रंट फुट पर दिखाई देती है। धरने प्रदर्शन में जोश दिखाई दे रहा है। ये कहा जा सकता है कि कांग्रेस ने सियासत की सबसे मजबूत नस पर हाथ रखा है। वो पब्लिक के मुद्दों को लेकर सड़क पर आ रही है। वो पब्लिक की आवाज बन रही है और ये संघर्ष कांग्रेस को मजबूत बना रहा है।



### अगर देखें महीना जून तो दिखाई देता है कांग्रेसियों में जुनुन

करंट क्राइम। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष के रूप में विजय चौधरी ने बीच चुनाव में कमान संभाली। विजय चौधरी पुराने कांग्रेसी नेता हैं और उनकी आमद के बाद कुछ भी कहो कांग्रेस दफ्तर गुलजार दिखाई देता है। कांग्रेस के धरने प्रदर्शन के चार्ट को देखें तो जून के महीने में दिल्ली से जुड़े हर मूवमेंट पर यहां के कांग्रेसी कनैक्ट रहे हैं। राजेश पायलेट को याद किया है तो बंगाल रेल हादसे पर कैंडल मार्च निकला है। गर्मी का पारा बढ़ा है तो लू से हुई मौतों के मामले में ज्ञापन दिया है। हाथरस की घटना पर कांग्रेसियों की जिंदाबाद मुर्दाबाद सुनाई दी है। कुल मिलाकर कांग्रेस पार्टी छोटे छोटे धरने प्रदर्शनों से एनडीए सरकार को घेरती नजर आ रही है। जम्मू कश्मीर में आतंकी हमला हो तो और बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि हो तो कांग्रेसियों में जुनुन दिखाई देता है। उपचुनाव में जीत का जश्न भी कांग्रेसी मना रहे हैं और संसद में जाति की गूंज को लेकर वो कलैक्ट्रेट में प्रदर्शन भी कर रहे हैं।



### एक दौर था जब पदाधिकारी भी नहीं आते थे कांग्रेस के धरने प्रदर्शन में

करंट क्राइम। एक दशक में अब कांग्रेस में एक नई जान नई ऊर्जा दिखाई दे रही है। बात यह नहीं है कि पिछले अध्यक्षों ने काम नहीं किया या उस समय की टीम के पास कोई थीम नहीं थी। ये राजनीति का दौर होता है और इस दौर से लगभग हर दल गुजरता है। एक समय था जब कांग्रेस की महानगर कमेटी जम्बोजैट कमेटी थी। लेकिन जब कांग्रेस धरना प्रदर्शन करती थी तो कार्यकर्ताओं की भीड़ तो छोड़िये पूरे पदाधिकारी भी नहीं दिखाई देते थे। आज पुराने कांग्रेसी भी घर से उठकर आ रहे हैं। पूर्व मंत्री सतीश शर्मा भी धरने प्रदर्शन में नजर आ रहे हैं। कांग्रेस नेता त्रिलोक सिंह फिर से अपने पुराने जज्बे के साथ कांग्रेस के संघर्ष में कदमताल कर रहे है। कांग्रेस की महिला अध्यक्ष सोनल नागर पार्टी के हर कार्यक्रम में एक्टिव हैं। कई पुराने कांग्रेसी लौट आये हैं। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस पूरी ऊर्जा में दिखाई दे रही है। अगर यहां कांग्रेस के नेता एकजुट हों तो कांग्रेस की बात बन सकती है।



# हो सकता है कमांडर की रही हो कोई मजबूरी : नन्द किशोर गुर्जर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बीते दिनों गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र की तारीफ करते हुए कमांडर ने फेसबुक पर एक पोस्ट डाली थी। उन्होंने अपनी पोस्ट में पुलिस आयुक्त को लेकर लिखा था कि हमेशा अपनी ड्यूटी के प्रति सजग और हमेशा मुस्कुराने वाले पुलिस कमिश्नर से मुलाकात हुई।

मुलाकात के साथ तारीफ के इन शब्दों को कमांडर ने फेसबुक पोस्ट बनाया। दैनिक करंट क्राइम ने भगवागढ़ के मौजूदा हालात और तारीफ से लबालब इस पोस्ट को लेकर समाचार भी प्रकाशित किया था। बताया था कि जो माहौल चल रहा है उसमें लैटर वाला मैटर भी है। मुलाकात का भी सीन है और इधर कमांडर की तारीफ आई है। दैनिक करंट क्राइम में समाचार प्रकाशित होने के बाद लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर की प्रतिक्रिया आई है। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा है कि मैं इस तारीफ को लेकर ज्यादा नहीं कुछ कहना चाहता। मैं इतना ही कहूंगा कि कई बार व्यक्ति निजी हित में मजबूर हो जाता है। कई बार निजी हित इतने बड़े हो जाते हैं कि कार्यकर्ताओं का हित छोटा हो जाता है।



कार्यकर्ताओं के साथ हुई जादती छोटी हो जाती है। हो सकता है कि कमांडर की भी कोई ऐसी मजबूरी रही हो। कई बार ऐसा हो जाता है कि मजबूरीवश भी पोस्ट डाली जाती है। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि कमांडर तारीफ कर रहे हैं और अगर लोकसभा चुनाव का ही इतिहास उठाकर देखें तो ये पता चल जायेगा कि कितने कार्यकर्ताओं पर क्या क्या और कितनी कार्यवाही हुई है।

# लो आ गये शहर विधानसभा से मुकुल उपाध्याय दावेदारी के मैदान में

## शुक्रवार को रही शहर में लोकेशन और जोड़ा है कई चेहरों से कनेक्शन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केवल सावन का ही महीना नहीं है और केवल बारिश का ही मौसम नहीं है। बात अगर शहर विधानसभा की करें तो ये चुनावी दावेदारी का महीना है और चुनाव का मौसम है। अब मौसम आया है तो बहारे भी आयेंगी। दावेदारियां भी आयेंगी और ऐसे में निकलकर पुराने रिश्ते और रिश्तेदारियां भी आयेंगी। अभी तक तो समाज समीकरण चल रहा था और दावेदारी में कभी इसका तो कभी उसका नाम चल रहा था। दावेदारी वाली लिस्ट में भाजपा की ओर से एक नाम और जुड़ गया। शहर विधानसभा से मुकुल उपाध्याय दावेदारी के मैदान में आ गये हैं। सियासी हलचल तब तेज हुई जब शुक्रवार को मुकुल उपाध्याय की लोकेशन गाजियाबाद शहर सीट पर ट्रेस हुई। वो अपने पुराने साथी आरडी शर्मा के घर पहुंचे। बताते हैं कि यहां से कई और घरों पर भी सम्पर्क साधा गया। दावेदारी का शहरी ऐलान हो गया। दैनिक करंट क्राइम ने मुकुल उपाध्याय से ही सम्पर्क साधा और उनसे दावेदारी को लेकर बात की।



मुकुल उपाध्याय ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि बिल्कुल उन्होंने भाजपा दावेदार के रूप में अपनी दावेदारी की है। दावेदारी को लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें गाजियाबाद की राजनीति का अनुभव है और इस सीट से उनकी दावेदारी बनती है। अपनी दावेदारी को लेकर उन्होंने सब कुछ भविष्य पर छोड़ा और कहा कि हाईकमान को फैसला करना है और टिकट मांगना कार्यकर्ता का हक होता है। अब आगे आगे देखिये क्या होता है।

### गाजियाबाद से लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं मुकुल उपाध्याय

करंट क्राइम। मुकुल उपाध्याय राजनीति में नये नहीं है। उनका पारिवारिक शिजरा राजनीतिक है। उनके भाई स्वर्गीय रामवीर उपाध्याय कैबिनेट मंत्री रहे हैं। खुद मुकुल उपाध्याय एमएलसी रहे हैं और वो गाजियाबाद से लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। राजनीति के फील्ड में उन्हें लगभग सभी जानते हैं और उनके परिवार का गाजियाबाद से और खासतौर से शहर विधानसभा सीट से सियासी नाता है।

# गाजियाबाद नगर निगम ने 6 दिवसीय कांवड़ शिविर से संदेश दिया सबसे बेस्ट

## स्वच्छता का रखा विशेष ध्यान और प्लास्टिक मुक्त कांवड़ शिविर के साथ रहा जीरो वेस्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में आयोजित 6 दिवसीय कांवड़ शिविर का समापन हुआ। नगर निगम की टीमों ने अपने कमांडर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की कप्तानी में सफलतापूर्वक इस टॉस्क को पूरा किया है। चुनौती भरे कांवड़ मेले में नगर निगम स्वच्छता से लेकर श्रृद्धा तक अव्वल रहा है। शिव भक्तों को लगातार प्रसाद बंटा है और कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा हुई है। वहीं नगर निगम की टीमों ने कांवड़ महोत्सव के समापन उपरान्त नगर निगम के पांचों जोनों में सफाई अभियान चलाया। सबसे खास बात ये रही कि नगर निगम अपने 6 दिवसीय कांवड़ शिविर महोत्सव में जीरो वेस्ट और प्लास्टिक मुक्त संदेश देने में सफल रहा है। निगम अधिकारियों तथा पार्षदों सहित परंपरागत तरीके से जीरो वेस्ट तथा प्लास्टिक मुक्त कावड़ शिविर का समापन किया गया। साईं महाराज की प्रतिमा को भोग लगाया गया तथा शिवलिंग पर जल चढ़कर पूजा अर्चना के उपरांत शिव भक्तों में प्रसाद बांटा गया। कांवड़ शिविर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया। पधारे शिव भक्तों द्वारा गाजियाबाद नगर निगम का आभार व्यक्त किया गया।







### गाजियाबाद नगर निगम ने विशेष रूप से चलाया कांवड़ रूट पर सफाई अभियान

करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम साईं ट्रस्ट के पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जनों का स्वागत किया गया। इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आयोजित सभी शिविरों के बाहर विशेष अभियान के रूप में सफाई कराई गई। साईं उपवन के साथ-साथ आयोजित भंडारों में भी सफाई कराई गई। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले कांवड़ रूट को भी पूर्ण रूप से व्यवस्थित किया गया।

### नगर आयुक्त ने किया सभी सफाई कर्मचारियों का भी उत्साहवर्धन

करंट क्राइम। नगर आयुक्त द्वारा सफाई कर्मचारियों का भी उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही उनको मंदिरों में कांवड़ मार्ग पर वृहद स्तर पर अभियान के रूप में सफाई करने के लिए निर्देश दिए गए। मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी को भी विशेष मॉनिटरिंग के लिए कहा गया। कांवड़ शिविर आयोजकों से भी स्वच्छता में सहयोग करने के लिए अपील की गई। गाजियाबाद नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर मार्ग मंदिर परिसर के अंदर, मेरठ रोड कंट्रोल रूम, दुहाई रोड मोहन नगर रोड वसुंधरा क्षेत्र विजयनगर प्रताप विहार शालीमार गार्डन राजेंद्र नगर वे अन्य ऐसी स्थान जहां पर कांवड़ यात्रियों के लिए व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम समापन के उपरांत सफाई कराई गई।

### मंदिर प्रबंधकों, श्रद्धालुओं और पार्षदों ने किया नगर निगम टीम का धन्यवाद

करंट क्राइम। आयोजकों, मंदिर प्रबंधको तथा क्षेत्रीय पार्षदों द्वारा भी गाजियाबाद नगर निगम टीम का धन्यवाद किया गया। नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत कांवड़ महोत्सव उत्साह पूर्वक व्यवस्थित किया गया, जिसमें मोबाइल टॉयलेट, साफ सफाई की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, कांवड़ शिविरो में डस्टबिन की व्यवस्था, बैरिकेटिंग की व्यवस्था व कांवड़ यात्रा को सुखद बनाने के लिए आवश्यकता अनुसार व्यवस्थाएं की गई जिस पर क्षेत्रीय निवासियों द्वारा धन्यवाद किया गया।

### मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने मुख्यमंत्री से कुछ प्रमुख मुद्दों पर बातचीत की।

# जहरीले सांप ने छीन ली मासूम की जिंदगी

## टीलामोड़ थानाक्षेत्र में 12 वर्षीय छात्र को सांप ने काटा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत आने वाले टीलामोड़ थानाक्षेत्र में एक जहरीले सांप ने शौच करने जा रहे 12 वर्षीय मदरसे के छात्रों को काट लिया। सांप के काटने से छात्र मंजूर जोकि बिहार का रहने वाला है, यहां फर्रुखनगर के मदरसे में पढ़ाई कर रहा था। वह पिछले दो सालों से रह रहा था। बताया जा रहा है कि वह शौच करने जा

शेष, पृष्ठ 6





# कैलाश मानसरोवर भवन की दुर्दशा पर बोले क्षेत्र के लोग

# सामाजिक-धार्मिक कार्यक्रमों के उपयोग को खोला जाए भवन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में जिस थीम पर कैलाश मानसरोवर भवन को बनाया गया था, उसकी उपयोगिता नजर नहीं आ रही है। यहीं वजह है कि इसको संचालित करने वाली संस्था से लेकर सामाजिक व राजनैतिक स्तर पर आवाज उठ रही है कि इसका अन्य कार्यों के लिए भी प्रयोग होना चाहिए। कभी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों से उद्घाटन होने के तीन साल बाद भी बंद पड़ा यह संस्थान अब अपने उद्धार की आवाज उठा रहा है। अब यहां के हालात इतने खराब हो चुके हैं कि जो पत्थर मानसरोवर भवन की सुंदरता में चार चांद लगाते थे, आज वही उखड़ने लगे हैं। लोगों की सुविधा के लिए लगे यहां के सेंट्रलाइज्ड एसी, लिफ्ट, फ्रिज, टीवी, पंखे सब खराब होना शुरू हो चुके हैं। वहीं पर्यटन विभाग ने पिछले साल उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम से मानसरोवर भवन का हैंडओवर किया गया है।



### कैलाश मानसरोवर भवन बंद रहने से उपकरण हो रहे हैं खराब: हरमीत बक्शी

करंट क्राइम : इंदिरापुरम भाजपा मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी ने कहा कि कैलाश मानसरोवर भवन इंदिरापुरम की आन बान शान है। उत्तर प्रदेश सरकार ने कैलाश मानसरोवर भवन के रूप में इंदिरापुरम को एक धरोहर दे दी है। इसका उपयोग जनता के सामाजिक व धार्मिक कार्यों की शुरूआत हुई चाहिए, परंतु पिछले कुछ समय से इस भव्य भवन बदहाल होती जा रही है। यहां पर टाइलें गिर रही है, एयर कंडीशन सिस्टम बेकार हो चुके हैं। बिजली के उपकरण खराब हो चुके हैं। इस भवन में कई ऑफिस बने हुए हैं, एक बड़ा ऑडिटोरियम बना हुआ है।94 कमरे हैं। यात्रियों के रहने के लिए जहा अटैच टॉयलेट बाथरूम है। हर कमरे में यात्रियों के लिए टेबल कुर्सी बेड इत्यादि सभी सुविधाएं हैं।सरकार को जल्दी से जल्दी मानसरोवर भवन को समय रहते दोबारा से मेंटिनेंस कर किसी संस्था को देना चाहिए, जिसे इस का रखरखाव हो सके।



### धार्मिक संस्था को दिया जाए कैलाश मानसरोवर भवन: अभिनव जैन

करंट क्राइम :पूर्व पार्षद अभिनव जैन ने बताया कि कैलाश मानसरोवर भवन करोड़ों रुपए से बना हुआ है, जो बंद होने के कारण बदहाल स्थिति में हो रहा है। उन्होंने बताया इस भवन को धार्मिक संस्था को दिया जाए जो इसको चलाएं, और धार्मिक कार्यक्रमों को आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि जैन समाज इस को लेकर धार्मिक कार्यक्रम में उपयोग कर सकता है। इंदिरापुरम में कोई भी सामुदायिक केंद्र नही है, कैलाश मानसरोवर भवन में भी बुकिंग कर कार्य किया जा सकते हैं। इंदिरापुरम की जनता ही तैयार है कैलाश मानसरोवर भवन को लेने के लिए।



### कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान सरकार रखें अपने पास: कपिल त्यागी



करंट क्राइम : पूर्व पार्षद कपिल त्यागी ने बताया कैलाश मानसरोवर भवन करोड़ों रुपए की लागत से बना हुआ है, इसे ऐसा नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने बताया सरकार को किसी संस्था को दे देना चाहिए, जिससे रेवेन्यू आए और सरकार को भी उससे लाभ होगा।, उन्होंने कहा जिस समय कैलाश मानसरोवर यात्रा चाल चालू होती है, उसे समय अब सरकार अपने पास रखें। बाकी दिन किसी संस्था को देखकर उपयोग में लिया जा सकता है। जिससे रखरखाव बिल्डिंग का होगा, भवन बंद रहेगा तो बिल्डिंग व उपकरण खराब होंगे।

### मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट हो रहा खराब: सतीश शर्मा

करंट क्राइम : मंडल उपाध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जो बंद रहने से खराब हो रहा है। इसके लिए हमारे जनप्रतिनिधि को मुख्यमंत्री से मिलकर किस संस्था को देदेन चाहिए। जब तक सरकार इसे नहीं चल रही तो किसी संस्था को देखकर सामाजिक व धार्मिक कार्यों के इसका उपयोग किया जाना चाहिए। जिससे रखरखाव का पैसा आ सके। ओर इसका मेंटेनेंस का कार्य चलता रहे। बंद होने से तो और भी इसके उपकरण है, बर्बाद हो रहे हैं। सरकार को जल्दी से जल्दी इसको खोलकर किसी संस्था को दिया जाए।



## संपादकीय

# हादसों के लिए जिम्मेदार कौन

दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की नीतियों की सख्त आलोचना की और कहा कि आप बहुमंजिला इमारतों की मंजूरी दे रहे हैं, लेकिन नाली की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि जब रेवड़ी बांटने की संस्कृति के कारण कर संग्रह नहीं होता है तब ऐसी त्रासदियां होना स्वाभाविक है।

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जब हादसे की पृष्ठभूमि बन रही होती है, तब सरकारी महकमे नींद में खोए रहते हैं या फिर किसी परोक्ष कारण से उसे नजरअंदाज करते रहते हैं और जब कोई बड़ी त्रासद घटना हो जाती है तब वे जरूरत से ज्यादा सक्रिय दिखते हैं। अफसोसनाक यह भी है कि जो इमारतें अपनी बुनियाद में ही हादसे की जमीन साथ लिए होती हैं, उनके निर्माण के समय या फिर बाद में उनमें नियम-कायदों को ताक पर रख कर संचालित गतिविधियों की इजाजत दी जाती है और जब वहां हुए हादसे में जानमाल के नुकसान का मामला तूल पकड़ लेता है तब आनन-फानन में दिशाहीन कार्रवाई करने का दिखावा किया जाता है। हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार की नीतियों की सख्त आलोचना की यह एक तरह से गलत तरीके से या लेनदेन आधारित लाभ पहुंचाने की अघोषित व्यवस्था है, जिसके नतीजे में कोई त्रासदी सामने आती है! राजधानी दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बरसात का पानी भर जाने की वजह से भारतीय प्रशासनिक सेवा की परीक्षाओं की तैयारी करने वाले तीन विद्यार्थियों की मौत की घटना इसी का उदाहरण है। इस मसले पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की नीतियों की सख्त आलोचना की और कहा कि आप बहुमंजिला इमारतों की मंजूरी दे रहे हैं, लेकिन नाली की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि जब ह्यरेवड़ी बांटने की संस्कृति के कारण कर संग्रह नहीं होता है तब ऐसी त्रासदियां होना स्वाभाविक है। अदालत ने एक तरह से समस्या के कुछ बुनियादी कारणों की बात की, जिन पर अगर समय रहते गौर किया गया होता तो शायद हादसे की नौबत नहीं आती और न विद्यार्थियों की जान जाती। यह छिपा नहीं है कि जब इमारतें बन रही होती हैं, तब उसमें नियम-कायदों को ताक पर रख कर भी अपनी सुविधा के मुताबिक निर्माण करा लिया जाता है। इस बात की फिक्र नहीं की जाती है कि यही लापरवाही भविष्य में किसी बड़ी त्रासदी की वजह बन सकती है। इसमें सरकार के संबंधित महकमों के अधिकारियों की भी मिलीभगत या अनदेखी होती है, जो ऐसे निमार्णों को रोकते नहीं या फिर कई बार नियमों के विरुद्ध इजाजत दे देते हैं। हैरानी की बात यह है कि जब इन वजहों से कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती है और उस पर जनआक्रोश उभर जाता है, तब पूरी तेजी से कार्रवाई होती देखी जाती है। इस क्रम में कई बार दिखावे की कार्रवाई करके असली जिम्मेदार लोगों को एक तरह से बचाने की कोशिश की जाती है। राजेंद्र नगर के बेसमेंट में हुए हादसे के बाद वहां सामने की सड़क से गुजरते एक वाहन चालक को बिना देरी किए गिरफ्तार किया गया, मगर उन अधिकारियों के खिलाफ इतनी ही तेज कार्रवाई करना जरूरी नहीं समझा गया, जिनकी अनदेखी, लापरवाही या फिर इजाजत से बेसमेंट में पुस्तकालय चल रहा था। दिल्ली हाई कोर्ट ने इस पहलू पर भी सवाल उठाया है।

## इजरायल-ईरान तनाव के बीच एयर इंडिया ने 8 अगस्त तक तेल अवीव के लिए उड़ानें की रद्द




**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने मध्य पूर्व में तनाव के कारण इजरायल के तेल अवीव से आने-जाने वाली अपनी उड़ानों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि उड़ान संचालन 8 अगस्त तक निलंबित कर दिया गया है। एयर इंडिया ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मिडिल ईस्ट के कुछ हिस्सों में चल रहे घटनाक्रम को देखते हुए हमने 8 अगस्त 2024 तक तत्काल प्रभाव से तेल अवीव से आने-जाने वाली अपनी उड़ानों के निर्धारित संचालन को निलंबित कर दिया है। पोस्ट में आगे लिखा, हम लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और इस अवधि के दौरान तेल अवीव से आने-जाने के लिए कन्फर्म बुकिंग वाले अपने यात्रियों को सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिसमें पुनर्निर्धारण और रद्दीकरण शुल्क पर एक बार की छूट शामिल है। आगे एक पोस्ट में लिखा, २हमारे मेहमानों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारे 24/7 संपर्क केंद्र 011-69329333 / 011-69329999 पर कॉल करें। एयर इंडिया ने कहा कि उसने परिचालन कारणों से 1 अगस्त को दिल्ली से तेल अवीव जाने वाली अपनी उड़ानें एआई139 और तेल अवीव से दिल्ली जाने वाली एआई140 रद्द कर दी है। एयर इंडिया ने कहा,इन दोनों उड़ानों में यात्रा के लिए कन्फर्म बुकिंग वाले यात्रियों को पुनर्निर्धारण और रद्दीकरण शुल्क पर एक बार छूट दी जाएगी। असुविधा के लिए हमें खेद है। बता दें कि हमास प्रमुख इस्माइल हानिया की तेहरान में हत्या के बाद से मिडिल ईस्ट में तनाव और बढ़ गया है। ईरान ने इजरायल पर हमले की धमकी दी है। लेबनान से हिजबुल्लाह ने गुरुवार देर रात उत्तरी इजरायल पर कई रॉकेट दागे।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# 31 जुलाई तक दाखिल हुए 7.28 करोड़ आयकर रिटर्न

## अंतिम तारीख खत्म होने के बाद अब भरना पड़ेगा जुमार्ना

**नई दिल्ली।** 31 जुलाई तक 7.28 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। यह पिछले साल की 6.77 करोड़ की तुलना में कहीं अधिक है। आयकर विभाग ने यह जानकारी साझा की है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में हुई कमाई से जुड़ा आयकर रिटर्न (क्ळफ) दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2024 थी। 31 जुलाई को लोग आयकर विभाग की ओर से रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाने का इंतजार करते रह गए, लेकिन आखिरकार तारीख नहीं बढ़ी।

ऐसे में यह तय हो गया कि जो लोग आखिरी तिथि तक अपना रिटर्न दाखिल नहीं कर पाए हैं, उन्हें 01 अगस्त से जुमार्ने के साथ ऐसा करना पड़ेगा। सरकार की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार 31 जुलाई 2024 तक करीब 7.28 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए।

### करदाताओं की सेवा के लिए 24X7 काम कर रहे: आयकर विभाग




विभाग ने बताया कि आईटीआर दाखिल करने, कर भुगतान और अन्य संबंधित सेवाओं के लिए हमारा हेल्पडेस्क 24७7आधार पर काम कर रहा है। हम कॉल, लाइव चैट, वेबएक्स सेशन और एक्स के जरिए करदाताओं को सहायता प्रदान कर रहे हैं। विभाग ने कहा, २हम इस मुकाम तक पहुंचने में हमारी मदद करने के लिए करदाताओं और कर पेशेवरों का आभार व्यक्त करते हैं। हम आग्रह करते हैं जिन्होंने कर निर्धारण वर्ष 2024-25 यानी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आईटीआर दाखिल नहीं किया है, वे अपना आईटीआर दाखिल कर लें।

### पिछले साल 6.77 करोड़ रिटर्न दाखिल हुए थे

पिछले वर्ष यानी 31 जुलाई, 2023 तक आकलन वर्ष 2023-24 (वित्त वर्ष 2022-23) के लिए दाखिल किए गए आईटीआर की कुल संख्या 6.77 करोड़ से अधिक थी। 31 जुलाई, 2023 को 64.33 लाख से अधिक आईटीआर दाखिल किए गए थे।

## नई कर व्यवस्था हो जाएगी डिफॉल्ट, लगेगा 5000 जुमार्ना: सीए शुभम सिंघल



आगर आपने आईटीआर फाइल करने की डेडलाइन मिस कर दी है तो एक अगस्त से नई कर व्यवस्था आपके लिए डिफॉल्ट मानी जाएगी। अब यदि आप 31, 2024 दिसंबर तक विलंबित आईटीआर दाखिल करते हैं, तो भी कर गणना के लिए आप पुरानी कर व्यवस्था का विकल्प नहीं चुन पाएंगे। अमर उजाला से बातचीत में चार्टर्ड अकाउंटेंट शुभम सिंघल ने बताया कि यदि आप आयकर रिटर्न दाखिल करने की 31 जुलाई की समय सीमा से चूक गए हैं, तो भी आपके पास 31 दिसंबर तक इसे फाइल करने का विकल्प बचा है। हालांकि उसके लिए अब आपको 5,000 रुपये तक का जुमार्ना भरना पड़ेगा। छोटे करदाताओं जिनकी कुल आय पांच लाख रुपये से अधिक नहीं है, उन्हें थोड़ी राहत मिलेगी और उनके लिए अधिकतम जुमार्ना 1,000 रुपये होगा। आमदनी पांच लाख से अधिक होने पर करदाताओं को 5000 रुपये तक जुमार्ना भरना पड़ेगा।

# देश में 95 प्रतिशत गांवों के पास है इंटरनेट की सुविधा : केंद्र

**नई दिल्ली।** 'डिजिटल इंडिया' पहल के तहत देश के 95 प्रतिशत गांवों में मौजूदा समय में 3जी या 4जी इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। केंद्र सरकार की ओर से शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। संचार मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, भारत में कुल 95.44 करोड़ इंटरनेट सब्सक्राइबर (मार्च 2024) हैं। इसमें से 39.83 करोड़ यूजर्स ग्रामीण भारत में हैं। मंत्रालय ने आगे कहा कि देश के कुल 6,44,131 गांवों में से 6,12,952 गांवों (अप्रैल 2024) में 3जी/4जी मोबाइल इंटरनेट की सुविधा मौजूद है। ऐसे में देश के 95.15 प्रतिशत गांवों में इंटरनेट की सुविधा है। 'डिजिटल इंडिया' पहल के तहत सरकार ने मेट्रो, टियर-2 और टियर-3 शहरों को जोड़ने के साथ ग्रामीण और अंदरूनी इलाकों को जोड़ने के लिए कई कदम उठाए हैं। देश में कुल मोबाइल सब्सक्राइबर्स की संख्या पिछले एक दशक में 25.15 करोड़ से बढ़कर 95.44 करोड़ तक पहुंच गई है। इसमें सालाना आधार पर 14.26 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ोतरी हुई है। सरकार ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में टेलीकॉम नेटवर्क का देश के सभी कोनों में विस्तार किया गया है। इसमें टियर 2 और टियर 3 शहरों के साथ देश के अंदरूनी इलाके भी शामिल हैं। सरकार ने ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट ब्रॉडबैंड की सुविधा देने के लिए 'भारतनेट' प्रोजेक्ट शुरू किया। इसका उद्देश्य देश की सभी ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर केबल से जोड़ना था। सरकार ने बताया कि 2.2 लाख ग्राम पंचायतों में से 2.13 लाख ग्राम पंचायतों को भारतनेट से जोड़ा जा चुका है। सरकार की ओर से अगस्त 2022 में बॉर्डर एरिया में मोबाइल टावर लगाने के नियमों में बदलाव कर दिया गया था, जिससे कि मोबाइल इंटरनेट सुविधा को ज्यादा लोगों तक पहुंचाया जा सके।



## वैश्विक कारणों के चलते नकारात्मक खुला शेयर बाजार

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में नकारात्मक वैश्विक संकेत के चलते गिरावट के साथ खुला। बाजार में चौतरफा गिरावट देखने को मिल रही है। सुबह 9 :45 बजे तक सेंसेक्स 776 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 81,092 और निफ्टी 256 अंक या 1.02 प्रतिशत गिरकर 24,754 अंक पर था। बाजार में गिरावट छोटे और मझोले शेयर में अधिक देखने को मिल रही है।



निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 800 अंक या 1.38 प्रतिशत गिरकर 57,681 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 271 अंक या 1.43 प्रतिशत 18,678 था। सेक्टर के हिसाब से देखें ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी और इन्फ्रा इंडेक्स सभी में लाल निशान में कारोबार हो रहा है। सेंसेक्स पैक पर एचयूएल, सन फार्मा, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी और नेस्ले और एशियन पेंट्स टॉप गेनर्स हैं।

## राशिफल

**मेष :** आज आपको पिता से कोई जरूरी काम मिलेगा। आपके पिता को आप पर गर्व होगा। छात्रों के लिए दिन सामान्य रहेगा। आप किसी नए कोर्स के बारे में सोच सकते हैं।

**वृष :** आपके स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी। निर्णय लेने में आप कभी हाँ और कभी नहीं कहेंगे और ऐसे में अवसर चूक जाएगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता कमजोर रहेगी।

**मिथुन :** आज आपको शांति से व्यवहार करने की सलाह दी जाती है। आज आपको किसी प्रकार का नुकसान हो सकता है। निर्माण कार्यों में खर्च होने की भी संभावना है।

**कर्क :** आपको अपनी कार्यकुशलता बढ़ाने की जरूरत है। आप खुले बाजार में खरीदारी करने जा सकते हैं। आपको अपनी आय को ध्यान में रखकर खर्च करना चाहिए।

**सिंह :** भाग्य आपका साथ देगा और आपको जटिल समस्याओं का समाधान मिलेगा। आय का एक अतिरिक्त स्रोत भी विकसित हो सकता है। पुराने निवेश अच्छे परिणाम देंगे।

**कन्या :** आपको नौकरी और व्यापार में अधिक मेहनत करनी पड़ेगी, आप जितनी मेहनत करेंगे, आपको उतना ही अधिक लाभ होगा। किसी से बेवजह दोस्ती करने से बचें।

**तुला :** आज आपको अपने काम में सावधानी बरतनी होगी। व्यापार में किसी भी प्रकार के लेन-देन से आपको बचना चाहिए। अकारण हानि का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** आज का दिन बेहतरीन परिणाम दे सकता है। आप नौकरी की तलाश में हैं तो अब और इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वेतनभोगी लोगों के लिए पदोन्नति संभव है।

**धनु :** लेन-देन में विवाद गहरा सकता है। काम की अधिकता स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। जमीन व भवन के क्रय-विक्रय की योजना बनेगी।

**मकर :** सरकारी संस्थानों के लोगों का दिन अच्छा रहेगा वहीं निजी काम करने वाले लोगों को थोड़ी परेशानी हो सकती है। ऑफिस में अतिरिक्त काम करना पड़ सकता है।

**कुंभ :** आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होने की संभावना है। इस अवधि के दौरान व्यावसायिक संदर्भ में छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। कार्य क्षमता से सफल हो सकते हैं।

**मीन :** आपको अपने जीवन में नई सफलताओं को प्राप्त करने के लिए परिवार के किसी प्रमुख सदस्य की मदद लेनी पड़ सकती है। सट्टेबाजी लाभदायक हो सकती है।

## चुटकुले

छात्र - सर जी...
मास्टर - हां बोलो...
छात्र - मैंने जो काम नहीं किया क्या आप उसकी सजा मुझे देंगे...?
मास्टर - नहीं, बिल्कुल नहीं...!
बोलो क्या बात है...?
छात्र - मैंने आज होमवर्क नहीं किया...!

---

पप्पू (होटल मैनेजर से) - थोड़े टमाटर के छिलके चाहिए!
मैनेजर - अरे पर छिलकों का क्या करोगे?
पप्पू - लड़की वाले देखने आ रहे हैं,
बाहर डस्टबिन में डाल कर रखूंगा...!!!

---

मास्टर जी - 'मर भी गया तो मैं तुझे करता रहूंगा प्यार'
इस पंक्ति के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है...?
पप्पू - सर इसका मतलब है कि कवि अपनी प्रेमिका को भूत बनकर डराना चाहता है...!

## रोचक तथ्यों का करंट


- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी। लेकिन वह मारा नहीं।
- चूंकि टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने २टॉमटाटो२ का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।

## करंट क्राइम

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

03 08 2024 **आज के जन्मदिन**

### सेलेब्रिटी जन्मदिन




सुनील ग्रोवर
अभिनेता



मास्टर अभयम



सपना दूबे



वेदांश वशिष्ठ



गिरिराज कुमार



मनोज शर्मा



गंगा प्रसाद दूबे



आमिर खान



अनीश अली



अनुज कुमार



आरिफ शकील चौधरी



दीपांशु



एचएस गुप्ता



हारिस ताज अली



अन्नू पंडित




शोएब सलमानी



विकास सिंह



आकाश शर्मा



रजत गोयल

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# इतिहास रचने के करीब नीरज चोपड़ा, ये कारनामा करते ही दुनिया भर में लहरा देंगे भारत का परचम



**नई दिल्ली।** भारत के लिए गोल्ड की उम्मीद नीरज चोपड़ा पर टिकी रहेंगी जो भाला फेंक में अपने खिताब का बचाव करके भारतीय खेलों के इतिहास में नया अध्याय जोड़ने की कोशिश करेंगे। चोपड़ा मामूली चोटों के कारण ओलंपिक से पहले अधिक प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाए थे लेकिन इसके बावजूद उन्हें लगातार दूसरे ओलंपिक स्वर्ण पदक के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है। चोपड़ा अगर आठ अगस्त को स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहते हैं तो वह भाला फेंक में अपने खिताब का बचाव करने वाले दुनिया के पांचवें खिलाड़ी और लगातार दो व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। इससे पहले एरिक लेमिंग (स्वीडन; 1908 और 1912), जॉनी मायरा (फिनलैंड; 1920 और 1924), जान जेलेजनी (चेक गणराज्य; 1992, 1996 और 2000) और एंड्रियास थोरकिल्डसन (नॉर्वे; 2004 और 2008) ही ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने ओलंपिक की भाला फेंक स्पर्धा में अपने खिताब का बचाव किया।

चोपड़ा ने इस साल केवल तीन प्रतियोगिताओं में भाग लिया लेकिन 26 वर्षीय नीरज इसलिए स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार है क्योंकि विश्व स्तर पर उनका कोई भी अन्य प्रतिद्वंदी इस सत्र में असाधारण प्रदर्शन नहीं कर पाया है। नीरज चोपड़ा ने मई में दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लिया था जिसमें उन्होंने 88 I36 मीटर के थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था जो इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। उन्होंने इसके बाद एहतियात के तौर पर ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से नाम वापस ले लिया, क्योंकि वह अपनी जांघ की मांसपेशियों में दर्द महसूस कर रहे थे।

### चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89 I94 मीटर है, उन्होनें 18 जून को फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में 85 I97 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतकर मजबूत वापसी की। उन्होंने पेरिस डायमंड लीग से बाहर होने का विकल्प चुना। उनके कोच ने बाद में चोपड़ा की फिटनेस को लेकर चिंताओं को खारिज कर दिया। पिछले ओलंपिक खेलों के बाद चोपड़ा ने जिन 15 प्रतियोगिताओं में भाग लिया उनमें से केवल दो बार उन्होंने 85 मीटर से कम भाला फेंका।

### नीरज चोपड़ा के मुख्य प्रतिद्वंद्वी

दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराने वाले और तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज्च, जर्मनी के जूलियन वेबर और पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स एक बार फिर भारतीय सुपरस्टार के मुख्य प्रतिद्वंद्वी होंगे। पुरुष भाला फेंक में एक अन्य भारतीय किशोर जेना भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। उन्होंने पिछले साल एशियाई खेलों में 87 I54 मीटर थ्रो के साथ ओलंपिक कोटा हासिल किया था लेकिन उसके बाद उन्हें 80 मीटर का आंकड़ा पार करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का क्वालीफिकेशन राउंड छह अगस्त को होगा।

# मनु भाकर अपने तीसरे ओलंपिक पदक के करीब, 25 मी. पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचीं



**नई दिल्ली।** भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। मनु क्वालिफिकेशन दौर में दूसरे स्थान पर रहीं। हालांकि, एक अन्य भारतीय ईशा सिंह फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। ईशा क्वालिफिकेशन में 18वें स्थान पर रहीं।

मनु ने प्रिसीजन राउंड में 294 और रैपिड राउंड में 296 का स्कोर बनाया। कुल स्कोर मनु का 590 का रहा और उन्होंने 24 एक्स लगाए। पहले स्थान पर हंगरी की मेजर वेरोनिका रहीं। उन्होंने प्रिसीजन राउंड में 294 और रैपिड राउंड में 298 का स्कोर बनाया। वेरोनिका का कुल स्कोर 592 का रहा और उन्होंने 27 एक्स यानी परफेक्ट 10 लगाए। प्रिसीजन दौर में शीर्ष दो स्थान पर रहीं वेरोनिका और फ्रांस की कैमिली जेद्रेजेवस्की ने भी मनु के समान 294 अंक जुटाए, लेकिन दोनों ने एक्स (लक्ष्य का केंद्र) पर अधिक निशाने लगाकर पहले दो स्थान पर कब्जा जमाया। मनु ने एक्स पर सात निशाने साधे जबकि वेरोनिका और कैमिली ने क्रमशः 15 और 13 बार ऐसा किया।

### लगातार तीसरे इवेंट के फाइनल में मनु

मनु ने अपने लगातार तीसरे इवेंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई किया है। इससे पहले वह महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंची थीं। दोनों में उन्होंने कांस्य पदक जीता था। मनु के पास पदकों की हैट्रिक लगाने का मौका है। वह एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय भी हैं। मनु कल यानी शनिवार को 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का फाइनल खेलेंगी। यह मुकाबला दोपहर एक बजे से खेला जाएगा। ईशा प्रिसिजन में 291 और रेपिड में 290 अंक के साथ कुल 581 अंक जुटाकर 18वें स्थान पर रहीं और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह नहीं बना सकीं। उन्होंने प्रिसिजन की पहली दो सीरीज में 95 और 96 अंक जुटाने के बाद 100 अंक के साथ जोरदार वापसी की लेकिन रेपिड दौर में 97, 96 और 97 अंक ही जुटा सकीं। क्वालीफिकेशन के प्रिसिजन दौर के बाद मनु और ईशा क्रमशः तीसरे और 10वें स्थान पर थे।

# सिगरेट-शराब के विज्ञापनों में नहीं दिखेंगे खिलाड़ी सरकार ने कहा- बीसीसीआई खिलाड़ियों से ले शपथ पत्र



**नई दिल्ली।** अब देश का कोई भी खिलाड़ी शराब या धूम्रपान का विज्ञापन करता दिखाई नहीं देगा। केंद्र सरकार के स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने बीसीसीआई और साई को पत्र लिख खिलाड़ियों से तत्काल शपथ पत्र लेने के लिए कहा है। पत्र में डॉ. गोयल ने लिखा है कि खिलाड़ी खासतौर पर क्रिकेटर देश की युवा आबादी के लिए रोल मॉडल हैं। यह युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित कर सकते हैं। हालांकि यह दुर्भाग्य है कि अक्सर खेल जगत के दिग्गज सितारे सिगरेट, बीड़ी या फिर पान मसाला का विज्ञापन करते हुए दिखाई देते हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रॉजर बिन्नी से स्वास्थ्य महानिदेशक ने देश की आबादी को स्वस्थ रखने के संकल्प में सरकार का सहयोग देने के लिए कहा है। उन्होंने अपील की है कि आईपीएल या अन्य क्रिकेट टूनार्मेंट के दौरान इस तरह के विज्ञापनों का प्रसार नहीं होना चाहिए। साथ ही खिलाड़ियों को इन विज्ञापनों से दूर करने के लिए तत्काल उपायों पर गौर करना चाहिए। डॉ. गोयल ने सुझाव दिया है कि बीसीसीआई खिलाड़ी से एक शपथ पत्र ले सकती है, जिसमें वह इन विज्ञापनों से खुद अलग रखने का वादा करेंगे। इसी तरह का एक पत्र भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के महानिदेशक संदीप प्रधान को लिखा गया है।

### चर्चित खिलाड़ी व फिल्म स्टार ऐसे विज्ञापनों में आते हैं नजर

दरअसल, देश के चर्चित खिलाड़ी और फिल्म स्टार अक्सर विभिन्न माध्यमों में तंबाकू उत्पादों का विज्ञापन करते दिखाई देते हैं। इनमें भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव से लेकर वीरेंद्र सहवाग, सुनील गावस्कर और फिल्म अभिनेता अजय देवगन, अक्षय कुमार, शाहरुख खान तक शामिल हैं। इन विज्ञापनों को लेकर अक्सर ये हस्तियां सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल हुई हैं। यह बात अलग है कि कानून बनने के लंबे समय बाद सरकार ने अब इन खिलाड़ियों को नियमों के दायरे में लाने का फैसला लिया है।

# मैं आपका कप्तान रोहित बोल रहा हूं..., काम पर लौटे हिटमैन का भारतीय फैंस को मैसेज



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट के एक नए युग की शुरूआत हो चुकी है। राहुल द्रविड़ के हटने और गौतम गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय टीम के प्रदर्शन ने एक नई उम्मीद जगाई है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने निडर क्रिकेट खेलते हुए 3-0 से सीरीज अपने नाम की। टी20 प्रारूप के बाद अब बारी वनडे फॉर्मेट की है। रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम 50 ओवर के फॉर्मेट में श्रीलंका के क्लीन स्वीप को दोहराने का लक्ष्य रखेगी। हालांकि, टी20 की तुलना में वनडे में भारतीय टीम में काफी अंतर है। कई दिग्गजों की टीम इंडिया में वापसी हो चुकी है। भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली आठ महीने बाद वनडे में वापसी कर रहे हैं। एक दशक तक 50 ओवर के प्रारूप में दबदबा बनाने वाली इस जोड़ी का लक्ष्य यादगार वापसी करना होगा। दोनों ने टी20 विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। अब दोनों का पूरा ध्यान वनडे और टेस्ट पर होगा। दोनों ही पिछले साल वनडे विश्व कप के फाइनल में मिली हार को भुलाकर एक नई शुरूआत करना चाहेंगे। इन दोनों के अलावा केएल राहुल, श्रेयस अय्यर की भी वनडे टीम में वापसी हुई है। सीरीज की शुरूआत से पहले रोहित ने सभी भारतीय क्रिकेट फैंस को एक विशेष और भावनात्मक संदेश दिया। बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए वीडियो ने उन सभी यादगार पलों को कैद कर लिया जो फैंस और खिलाड़ियों ने कुछ हफ्ते पहले साझा किए थे। बारबाडोस में रोहित के कप्तान की शूटिंग से लेकर मरीन ड्राइव के पास विजय परेड, वानखेड़े स्टेडियम में प्रतिष्ठित सम्मान समारोह, वीडियो में यह सब दिखाया गया है। रोहित ने यह भी कहा कि यह सीरीज कई नए युग की शुरूआत को चिह्नित करेगी जिसमें कई नई और पुरानी प्रतिभाएं हैं। उन्होंने कहा- यह हमारे लिए एक नए युग की शुरूआत के साथ मैदान पर वापस आने का समय है। एक नए कोच के साथ एक नई शुरूआत। एक ऐसी साझेदारी जो भारतीय क्रिकेट को सर्वोपरि रखने वाली है।



### नए युग की शुरूआत

रोहित ने वीडियो में कहा कि उनमें अभी भी भारत के लिए सबसे छोटे प्रारूप में खेलने की ललक है। कप्तान ने प्रशंसकों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछला एक महीना उनके लिए सच में खास रहा है और यादों से भरा रहा है। हिटमैन ने कहा- वाह, बीता एक महीना क्या शानदार रहा है। यादों से भरा हुआ, इतिहास में अंकित एक महीना। यह एक ऐसा पल था, जो हमेशा हमारे साथ रहेगा। इतना कि मुझे लगता है कि मैं सबसे छोटे प्रारूप के लिए कभी भी खेलने के लिए तैयार हो सकता हूं। नहीं यार, छोड़ो भाई। मेरे पास अपना समय था। मैंने इसका आनंद लिया और यह आगे बढ़ने का समय है।

# शिवम दुबे की वनडे में वापसी, ऋषभ पंत नहीं मिली प्लेइंग इलेव में जगह



**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा रहा है। वहीं इस मुकाबले में भारत की प्लेइंग इलेवन में शिवम दुबे की वनडे में 4 साल बाद वापसी हुई। वहीं इस मुकाबले में ऋषभ पंत की वापसी नहीं हुई और केएल राहुल को ही बतौर विकेटकीपर टीम में चुना गया जबकि श्रेयस अय्यर को भी टीम में शामिल किया गया है। हालंकि, अय्यर को वार्षिक अनुबंध में जगह नहीं दी गई थी।

शिवम दुब ने भारत के लिए साढ़े चार साल पहले वनडे में डेब्यू किया था और अपना पहला मैच 15 दिसंबर 2019 में चेन्नई में वेस्डइंडीज के खिलाफ खेला था। इस मैच में दुबे ने 9 रन की पारी खेली थी और इसके बाद वो वनडे फॉर्मेट से ड्रॉप हो गए थे। लेकिन श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में उनकी वापसी हुई और पहले वनडे मुकाबले में उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें प्लेइंग इलेवन में मौका भी दिया गया है।

श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए जो टीम चुनी गई थी उसमें पंत भी थे और वहीं इस बात पर चर्चा हो रही थी कि क्या उन्हें मौका मिल पाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वनडे सीरीज में केएल राहुल के होने से श्रीलंका के खिलाफ वनडे मैच की प्लेइंग इलेवन में राहुल को पंत के ऊपर तरजीह दी गई और उन्हें मौका दिया गया है। साथ ही डेढ़ साल तक राहुल ने विकेटकीपर की भूमिका निभाई थी।

# 'मैं बूढ़ा हो गया हूं, अफोर्ड नहीं कर पाएंगे', दिल्ली प्रीमियर लीग के उद्घाटन सीजन पर वीरेंद्र सहवाग का बेबाक जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने दिल्ली प्रीमियर लीग के उद्घाटन सीजन के कार्यक्रम में कहा कि वह अब बूढ़े हो गए हैं। वहीं, किसी फ्रेंचाइजी को कोच करने के सवाल पर कहा कि कोई उन्हें अफोर्ड नहीं कर पाएंगे।

डीडीसीए ने शुक्रवार को दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले सीजन के लिए ट्रॉफी अनावरण का किया। पहला सीजन 17 सितंबर से खेला जाएगा। लीग में कुल 40 मैच खेल जाएंगे। 33 मैच पुरुष टीम के बीच खेला जाएगा जबकि सात मैच महिला टीम के बीच खेला जाएगा। कुल छह टीमें लीग में हिस्सा लेंगी।

### छह टीम लेंगी हिस्सा


गौरतलब हो कि दिल्ली प्रीमियर लीग में छह टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें वेस्ट दिल्ली लायंस, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज, पुरानी दिल्ली-6, दिल्ली किंग्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स शामिल हैं। विजेता टीम को एक करोड़ रुपये प्राइज मनी दी जाएगी। सारे मैच अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।



### सवाल पर दिया मजेदार जवाब

इसी कार्यक्रम के दौरान जागरण ऑनलाइन के खेल संवाददाता उमेश कुमार ने सवाल किया कि, क्या वह दिल्ली प्रीमियर लीग में किसी टीम को कोच करते हुए नजर आएंगे? इस पर सहवाग ने कहा कि वह बूढ़े हो चुके हैं।

# पीवी सिंधू का मेडल जीतने का सपना टूटा, प्री क्वार्टर फाइनल में चीनी खिलाड़ी ने दी मात



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 में गुरुवार रात भारत के लिए बुरी खबर सामने आई। महिला एकल बैडमिंटन स्पर्धा के राउंड ऑफ 16 में पीवी सिंधू को छठी वरीयता प्राप्त चीनी ही बिंग जिओ से 21-19, 21-14 से हार का सामना करना पड़ा। यह पहली बार है जब सिंधू ओलंपिक पदक जीतने में असफल रही हैं, उन्होंने टोक्यो में कांस्य और रियो में रजत पदक जीता था। टोक्यो ओलंपिक 2020 में सिंधू ने चीनी ही बिंग जिओ को हराकर की कांस्य पदक जीता था।

### पहले गेम में कांटे की टक्कर

पहले गेम में सिंधू की शुरूआत खराब रही और चाइना की खिलाड़ी ने शुरूआत के कुछ मिनट में ही 5-1 की बढ़त बना ली। सिंधू ने वापसी का प्रयास जरूर किया, लेकिन चीन की बिंग जिओ दूसरे ओर से दबाव बनाना जारी रखा। ब्रेक तक सिंधू 8-4 से पीछे थीं। बिंग जिओ की गलतियों का सिंधू ने फायदा उठाया। दूसरे ब्रेक तक सिंधू 10-7 से पीछे थीं। इसके बाद उन्होंने वापसी की राह पकड़ी और 12-12 तक पहुंच गईं। इसके बाद दोनों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलती रही। एक समय पहला गेम 19-19 की बराबरी पर पहुंच गया था। हालांकि, अंत में चीनी खिलाड़ी ने 21-19 से पहला गेम अपने नाम किया।

### दूसरे गेम में पिछड़ गईं सिंधू

दूसरे गेम में सिंधू ने शुरूआत से ही बढ़त बना ली थी। हालांकि, चीनी खिलाड़ी ने जल्द ही 2-2 की बराबरी कर ली। इसके बाद चीनी खिलाड़ी ने लगातार बढ़त हासिल की। सिंधू ने वापसी का प्रयास किया, लेकिन यह काफी नहीं था। अंत में ही बिंग जिओ ने दूसरा सेट 21-14 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस मैच से पहले सिंधू ने एस्टोनिया की विश्व नंबर 73 क्रिस्टिन कुबा के खिलाफ 21-5, 21-10 से जीत हासिल की थी।

# भारत की ऐतिहासिक जीत, ऑस्ट्रेलिया को ओलंपिक में 52 साल बाद हराया



**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हॉकी के आखिरी ग्रुप मैच में 3-2 से हराया। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओलंपिक में भारत की जीत का 52 साल का सूखा खत्म हो गया है। भारत ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया को म्यूनिख ओलंपिक 1972 में हराया था। भारतीय टीम इस जीत के साथ ही ग्रुप बी में दूसरे नंबर पर पहुंच गई।

भारत और ऑस्ट्रेलिया की हॉकी टीमें पेरिस ओलंपिक के ग्रुप बी में हैं। बेल्जियम इस ग्रुप में अपने चारों मैच जीतकर पहले नंबर पर है। ऑस्ट्रेलिया 9 अंक के साथ दूसरे और भारत 7 अंक लेकर तीसरे नंबर पर है। अर्जेंटीना के भी 7 अंक हैं। लेकिन वह गोल डिफरेंस में पीछे होने के चलते चौथे नंबर पर है। आयरलैंड और न्यूजीलैंड अपने चारों मैच हार चुके हैं और खिताबी रेस से बाहर हैं।

अभी यह तय नहीं है कि क्वार्टर फाइनल में भारत का मुकाबला किससे होगा। ग्रुप बी से नीदरलैंड, जर्मनी, ब्रिटेन और स्पेन क्वार्टर फाइनल में जगह बना चुके हैं। नीदरलैंड और स्पेन ने 5-5 मैच खेल लिए हैं। जर्मनी और ब्रिटेन के एक-एक मैच बाकी हैं। इन मैचों के बाद टीमों की रैंकिंग तय होगी।

### अभिषेक ने खाता खोला

भारत ने पहले क्वार्टर के 12वें मिनट में गोल कर दिया है। यह मैच का पहला गोल है। अभिषेक ने ललित के शॉट पर रिबाउंड पर यह गोल किया। भारत ने इसके साथ ही 1-0 की बढ़त बना ली है।

### हरमन ने ठोका दूसरा गोल

भारत ने 13वें मिनट में एक गोल और ठोक दिया है। सुरजीत और गुरजंत ने भारत को पेनाल्टी कॉर्नर दिलाया, जिस पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल करने में देर नहीं लगाई। हरमन का दनदानाता शॉट ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर के बाईं ओर गोलपोस्ट में समा गया।

### भारत की आक्रामक शुरूआत

भारत ने आक्रामक शुरूआत की। उसने तीन मिनट के भीतर दो बार डी में प्रवेश किया। गोल करने के करीब पहुंची। गोल करने में कामयाबी नहीं मिली, लेकिन भारत की स्ट्रेटजी साफ है। वह दबकर नहीं खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने भी पलटवार किया और दो मिनट में दो बार भारत के डी में एंट्री की। यह मैच रोमांचक होने वाला है। ऑस्ट्रेलिया ने 10वें मिनट में जोरदार अटैक किया। उसे पेनाल्टी कॉर्नर भी मिला। लेकिन भारत ने गोल नहीं होने दिया।

# श्रीलंका के खिलाफ विराट कोहली समेत अन्य खिलाड़ियों ने जानें क्यों बांधी है काली पट्टी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम श्रीलंका के खिलाफ मैच खेलने मैदान में उतरी। रोहित शर्मा और विराट कोहली लगभग नौ महीने बाद एक दिवसीय मैच खेलने मैदान में उतरे है। वनडे जर्सी में खिलाड़ियों को देखकर फैंस काफी खुश है। इस दौरान खिलाड़ी बांह पर काली पट्टी बांधे नजर आए है।

दरअसल खिलाड़ियों ने कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच के दौरान पूर्व सलामी बल्लेबाज और कोच अंशुमान गायकवाड़ को श्रद्धांजलि दी है। बीसीसीआई ने कहा, टीम इंडिया पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच अंशुमान गायकवाड़ की याद में आज काली पट्टी बांध रही है, जिनका बुधवार को निधन हो गया था।

गायकवाड़ ने कैंसर से जंग के बाद बुधवार (जुलाई) को वडोदरा में अंतिम सांस ली। गायकवाड़ का अंतरराष्ट्रीय करियर एक दशक से भी ज्यादा लंबा रहा, जिस दौरान उन्होंने 40 टेस्ट मैच और 15 वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। अपनी ठोस तकनीक और दृढ़ निश्चय के लिए जाने जाने वाले, उन्होंने तेज गेंदबाजी के कुछ बेहतरीन दौरों का सामना करते हुए दृढ़ निश्चय दिखाया, उस समय जब सुरक्षात्मक उपकरण बहुत कम थे।

उच्चतम स्तर के बल्लेबाज के रूप में, श्री गायकवाड़ को सबसे ज्यादा 1976 में जमैका में खेली गई उनकी 81 रनों की साहसिक पारी के लिए याद किया जाता है, जहां उन्होंने कठिन पिच पर क्रूर गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना किया था, तथा 1983 में जालंधर में पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई 201 रनों की पारी के लिए याद किया जाता है, जहां उन्होंने 671 मिनट तक बल्लेबाजी की थी। उनका घरेलू रिकॉर्ड भी शानदार रहा, उन्होंने 200 से अधिक प्रथम श्रेणी मैचों में भाग लिया, जिसमें उन्होंने 34 शतकों और 47 अर्द्धशतकों सहित 12,000 से अधिक रन बनाए।

अपने खेल के दिनों के बाद भी गायकवाड़ ने भारतीय क्रिकेट की सेवा करना जारी रखा। उन्हें 1997 में मुख्य कोच नियुक्त किया गया और अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने टीम को उल्लेखनीय सफलताएँ दिलाईं। उनके मार्गदर्शन में भारत ने 1998 में शारजाह में त्रिकोणीय टूनामेंट में विजय हासिल की तथा 1999 में नई दिल्ली में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच में अनिल कुंबले ने ऐतिहासिक 10-74 रन बनाए।

बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने इसे भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत बड़ी क्षति बताया। अनुसुमान गायकवाड़ का निधन भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत बड़ी क्षति है। खेल के प्रति उनका समर्पण, लचीलापन और प्यार बेमिसाल था। वह सिर्फ.एक क्रिकेटर ही नहीं थे, बल्कि कई लोगों के लिए एक गुरु और दोस्त भी थे। क्रिकेट समुदाय उन्हें बहुत याद करेगा और उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ उनके परिवार और प्रियजनों के साथ हैं, जो इस क्षति से उबर रहे हैं।

# महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे शिवालय



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार को सावन के पावन दिनों के बीच शिवरात्रि का उत्सव देश भर में मनाया जा रहा है। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सुबह से ही मंदिरों और शिवालयों में आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। शिवालय और मंदिर परिसर ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव के जयघोष से गूंज से दिनभर वातावरण भक्तिमय बना रहा। भक्त व श्रद्धालु महादेव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। श्रद्धालु ने जलाभिषेक व पूजा-पाठ कर सुख शांति के लिए मन्नतें मांगी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भांग, धतूरा, बेलपत्र, मधु, मखाना, फूल, फल, दूध, दही, घी, मक्खन आदि अर्पित कर महादेव की विशेष श्रृंगार पूजा की।शिवरात्रि के पर्व पर खास तौर पर महिलाए इस दिन व्रत रखती हैं। शिवरात्रि को लेकर शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए विशेष तैयारी की जाती है। मान्यता है कि शिवरात्रि में भगवान शिव की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। मान्यता के अनुसार जल के साथ भांग और धतूरे से भगवान शिव प्रसन्न होते है।

## प्राचीन घुमेश्वर महादेव शिव मंदिर में हजारों कांवड़ियों ने किया शिव जलाभिषेक



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** हर हर महादेव बोल शंकर भगवान की जय बोल बम बोल बम के जयकारों के साथ नगर क्षेत्र के गांव सुराना स्थित प्राचीन घुमेश्वर महादेव शिव मंदिर में शिव त्रयोदशी पर 18 हजार से अधिक शिव भक्त कांवड़ियों व श्रद्धालुओं ने जल चढ़ाया। सुबह से ही मंदिर के बाहर एक किलोमीटर लम्बी लाइन लग गई थी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। एसीपी व थाना प्रभारी निरीक्षक स्थिति का जायजा लेते रहे। गांव सुराना स्थित प्राचीन घुमेश्वर महादेव शिव मंदिर में आसपास गांवों के कांवड़िया जल चढ़ाते है। मंदिर परिसर में शुक्रवार को शिव त्रयोदशी पर सुबह से लाइन लगनी शुरू हो गई थी । देखते ही देखते लाइन एक किलोमीटर तक पहुंच गई। मंदिर के महंत अखिलेश शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को सुबह से शाम तक 18 हजार से अधिक कांवड़ियों व श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। एसीपी नरेश कुमार व थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोलकी ने सुबह मंदिर परिसर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मंदिर परिसर में पुलिस फोर्स तैनात किया गया। इसके अलावा नगर में दिल्ली मेरठ मार्ग पर बस स्टैण्ड ,बह्ममानान स्थित बड़ा मंदिर सहित एक दर्जन से अधिक मंदिरों ने सुबह से जलाभिषेक किया गया । पुलिस की कई गाड़ियां लगातार गश्त करती रही। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक इंतजाम किए गए थे। मंदिर परिसर से लेकर आसपास का वातावरण बम बम भोले के जय उद्घोषों के साथ गूंज रहा था।




### तू लाईनमैन है या जेई जो तुझ से लोग लाईट का पूछ रहे हैं

इन मौहल्ला प्रधानों की भी कहानी अजीब ही चल रही है। चुने तो गये हैं ये ढाई गलियों के मेंबर मगर सुपारी पकड़ ली है इन्होने दूसरे मौहल्ले की भी। उन विभागों के काम भी कराने की गारंटी ले रहे हैं जिनसे इनका लेना ना देना और मौहल्ले वाले ही तफरी तब लेते हैं जब गारंटी फेल हो जाती है। किस्सा उस पार से जुड़ा है और किस्से के दोनो ही पार्ट सरकार से जुड़े हैं।फूल वाला मेंबर फील विधानसभा वाली ले रहा है और फूल ब्रांड आरडब्लूए प्रधान खुद को लोकसभा से नीचे मान ही नही रहा। मौहल्ले की लाईट चली गई और मौहल्ले वाले ने मेंबर को फोन मिला दिया और पूछा कि लाईट क्यों नही आ रही और कब आयेगी। मेंबर भी रामलीला में रोल से आगे निकल रहा है तो उसने भी रेजीडेंट से ये नही कहा कि कंट्रोल रूम से पूछ लो। खैर लाईट के किस्से में फाइट का करंट अगले दिन आया। जब मामला आरडब्लूए प्रधान के संज्ञान में आया।पता चला कि कोई फाल्ट वो ही सही करा रहे थे इसलिये शट डाऊन लिया गया था। उन्होने बात दिल पर ले ली और पार्षद को फोन मिला दिया। दोनो तरफ से टोन ही चेंज हो गई और आरडब्लूए प्रधान से मेंबर ने कह दिया कि जब लोग मुझसे पूछ रहे हैं तो मैं जेई से पूछूंगा ही। इस पर आरडब्लूए प्रधान ने मेंबर को कह दिया कि तू नाली सीवर ही देख ले और तीन परसेंट वाले लिफाफे लपक ले। इन उड़ते तीरों को ना ही लपक तो ठीक और तू क्या लाईनमैन है ,तू जेई है जो मौहल्ले वाले तुझ से लाईट का पूछ रहे हैं।

### गुप्ता जी नामित वाली लिस्ट में नही आ रहा है तुम्हारा नाम

गुप्ता जी देवतुल्य भाव से कमलसेवा में रत थे और पालिटिक्स में फुल्ली मस्त थे। उन्हे किसी ने आशा ही नही पूर्ण विश्वास दिलाया था कि सिटिंग वाले को स्टैंडिग कर देगें और टिकट तुम्हारे नाम कर देगें। पालिटिक्स कितनी खराब है इसका अदांजा गुप्ता जी को तब लगा जब टिकट रिपीट हुया और गुप्ता जी की दावेदारी का रायता फैल गया और उन्हे डिफीट जैसा फील हुया। बिना टिकट मिले ही उन्हे लगा कि वो चुनाव हार गये। वो रात में भगवा दफ्तर पर भी गये और एलीगेशन भी लगाये। वो हिम्मत हार कर घर नही बैठे और धोती वाले बिरादर के लिये पूरे जोर भी लगाये। मगर सारे पैतरें काम नही आये और कमल खिल गया। अब गुप्ता जी नामित वाली पारी खेलना चाहते हैं और पता चला है कि अपनो ने ही फील्डिंग लगा दी है। बिरादरी वालो ने अलग जोर लगाये हैं और वो लखनऊ तक ये बता आये हैं कि ही इज ओल्ड समाजवादी और इसने कर दी थी पार्टी को बदनाम करने की पूरी मुनादी। ये चाहते थे कि वार्ड में कमल मुरझा जाये।

### कोई रीजन ही होगा जो रीजनल ठाकुर गये केवल उसी कैम्प में

कावंड़ सेवा का शिविर भी सियासी ताकत तौलने का तराजू ही है। किसे बुलाया और कौन आया ये बात अहम हैं। कावंड़ मेले में फूल वालों के ठाकुर साहब भी आये और सुना है कि उन्हे कैम्प ही एक पसंद आया और वो केवल उन्ही पार्षद के कैम्प में गये बाकि को इग्नोर ही कर दिया उन्होने। चर्चा फूल वालों में ही चल रही है कि सिर्फ एक पर करम और बाकि पर सितम ये ठीक नही हैं। जब आये थे तो नजर ए इनायत बाकि पर भी कर देते लेकिन हद कर दी आप ने। हालांकिं फूल वाले ही कह रहे हैं कि कोई स्पेशल रीजन ही रहा होगा वरना रीजनल ठाकुर औरों के कैम्प में भी जा सकते थे।

## विवाद में दुकान के बाहर हवाई फायरिंग करने वाला व्यापारी गिरफ्तार



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में प्रिया सिनेमा के पास जगदम्बा आप्टिकल की दुकान के बाहर अपनी लाईसेंसी पिस्टल से हवाई फायरिंग करना एक व्यापारी को काफी महंगा पड़ा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर व्यापारी को गिरफ्तार कर लाईसेंसी पिस्टल बरामद कर ली है। एसीपी मसूरी सर्किल नरेश कुमार ने बताया कि दिल्ली मेरठ मार्ग पर जगदम्बा आप्टिकल की दुकान स्थित है। वहां पर रेलवे रोड निवासी पवन गुप्ता किसी काम से गए थे। किसी बात को लेकर उनका विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि व्यापारी पवन गुप्ता ने दुकान के बाहर आकर पिस्टल से हवाई फायरिंग कर दी। हवाई फायरिंग होते ही दिल्ली मेरठ मार्ग पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। एसीपी ने बताया कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर देर रात आरोपी पवन गुप्ता निवासी रेलवे रोड को सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर पिस्टल बरामद कर ली गई है।

## कांवड़िए की बाइक चोरी , रिपोर्ट दर्ज




**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में स्थित गंगनहर पुल के पास से कांवड़िए की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन चोरो की तलाश शुरू कर दी है। दिल्ली के थाना भजनपुरा के गांव मौजपुर निवासी सन्नी कुमार बाइक से हरिद्वार से जल लेकर दिल्ली जा रहे है। जब वह गंगनहर पुल के पास पहुंचे तो उन्होने अपनी बाइक गांव जलालाबाद के गेट के सामने खड़ी कर दी और पानी पीने के लिए चले गए। जब वह वापस आए तो बाइक गायब थी। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक नहीं मिली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर वाहन चोरों की तलाश शुरू कर दी है '

## जहरीले सांप ने छीन ली मासूम की जिंदगी

### टीलामोड़ थानाक्षेत्र में 12 वर्षीय छात्र को सांप ने काटा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत आने वाले टीलामोड़ थानाक्षेत्र में एक जहरीले सांप ने शौच करने जा रहे 12 वर्षीय मदरसे के छात्रों को काट लिया। सांप के काटने से छात्र मंजूर जोकि बिहार का रहने वाला है, यहां फर्रुखनगर के मदरसे में पढ़ाई कर रहा था । वह पिछले दो सालों से रह रहा था। बताया जा रहा है कि वह शौच करने जा रहा था। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया। उपचार के लिए दिल्ली के अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। हालांकि मृतक छात्र के परिजनों ने पुलिस से पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया। वहीं एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि परिजनों के निवेदन के बाद परिजनों को शव सुपुर्द कर दिया गया है, वह उसे बिहार लेकर गए हैं।

#### मदरसे में पढ़ता था मृतक छात्र

**करंट क्राइम ।** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंजूर यहां बीते 2 साल से रहकर टीलामोड़ थानाक्षेत्र के फर्रुखनगर स्थित मदरसे में पढ़ाई कर रहा था। गुरुवार को सांप की काटने की वजह से उसकी मौत हो गई थी। शुक्रवार को परिजन उसके शव को ले गए हैं। बताया जा रहा है कि जिस वक्त यह हादसा हुआ मंजूर शौच करने के लिए जा रहा था, तभी उसे सांप ने काट लिया। आसपास के बच्चों ने उसे मौके पर जमीन पर गिरता देख तो शोर मचाया था।

#### जहरीले सांप को भी बच्चों ने मारा

**करंट क्राइम ।** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंजूर को काटने वाले जहरीले सांप को मदरसे के अन्य बच्चों ने मार दिया था। बताया जा रहा है कि यह सांप कोबरा प्रजाति का था, जो बेहद जहरीला होता है। हालांकि मदरसे और वहां आसपास रहने वाले लोगों ने मंजूर के पैर पर बंद लगाने का काम भी किया था लेकिन उपचार से पहले ही उसकी हालत नाजुक हो गई थी।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर-16 ए में शिवरात्रि के पर्व व एक पेड़ माँ के नाम तहत शुक्रवार को पौधरोपण किया गया। शुक्रवार को शिवरात्रि के पावन पर्व ओर एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। जिसमे नीम , बरगद , कनेर , तुलसी , पीपल , बेल , शिषम , केला आदि के पौधे लगाए गए। मुकुट मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के चैयरमेन प्रशांत गुप्ता के नेतृत्व में दर्जन के करीब पौधे लगाए गए।




### किस टू-स्टार ने लिख दी लाईन हाजिर पर किताब




पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एक से बढ़कर एक टू-स्टार जमे हुए हैं। कोई रील का मास्टर है तो कोई लिखने में माहिर है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि यहां पर एक टू-स्टार ऐसा है जिसने अपनी ही लाईन हाजिर पर किताब लिख डाली है। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं किताब को फाइनल करने का काम और विभागीय अनुमति लेने का प्रक्रिया शुरू हो चुका है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में लाइन में चल रहे 2015 बैच के इस टू-स्टारा ने अब तक खुद की छह बार लाइन हाजिर होने की कहानी एक किताब के रूप में लिख दी है। बताया जा रहा है कि किताब का शीर्षक है लाईन हाजिर एक आप बीती। कमिश्नरेट वाले स्थानीय सूत्रों ने बताया है कि टू-स्टार 2015 में भर्ती हुआ था और 2017 से ड्यूटी शुरू कर दी थी। बताया गया है कि लगभग बीते 7 साल की नौकरी के दौरान वह छह बार लाइन हाजिर की कार्रवाई का शिकार हुआ है। इसी घटना को सार बनाते हुए इस टू-स्टार ने किताब लिखी है। सुनने में आ रहा है कि अभी संशोधन का कार्य चल रहा है और विभाग से अनुमति लेने का प्रयास भी बैक द डोर बनाया जा रहा है। वहीं सोशल मीडिया के एक ग्रुप पर टू-स्टार ने लिखा है कि विभाग से अनुमति लेकर बहुत जल्द ही बाजार और समाज में उपलब्ध कराई जाएगी लाईन हाजिर वाली यह बुक। उनकी यह पुस्तक अगर अनुमति नहीं मिली तो नौकरी के बाद आपको मिल ही जाएगी। टू-स्टार का कहना है कि छाप इसलिए रहे हैं की मौत का कोई भरोसा नहीं, बाद में किसी को मेरी कहानी कैसे पता लगेगी। वहीं टू-स्टार का कहना है कि मन की बात मन में ही रह जाएगी और यह शरीर जल जाएगा जय हिंद। सूत्र बता रहे हैं की किताब में टू-स्टार ने पुलिस विभाग की कई कड़वी सच्चाई और लाईन हाजिर होने के बाद की सामाजिक व्यथा और पुलिसकर्मियों के स्वभाव में आने वाले परिवर्तन को भी विस्तार से वर्णन किया बताया जा रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि वैसे तो टू-स्टार सिटी के कई थानाक्षेत्रों में रह चुका है और बताते हैं कि वह कई बार गलत फैसलों के लिए भी सजा पा चुका है। अब देखना होगा टू-स्टार की लाईन हाजिर वाली किताब बाजार में कब आती है और उसकी क्या टीआरपी रहती है।

## एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चेयरमैन को मिला यूपी रतन सम्मान-2024



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी (एस.जी.यु.), गाजियाबाद के चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल को दैनिक जागरण आईनेक्स्ट ने एक अग्रस्त को 'यूपी रतन सम्मान-2024' से सम्मानित किया। यह पुरस्कार महेन्द्र अग्रवाल को शिक्षा, उद्योग और सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में उनके अद्वितीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

यह सम्मान यू.पी. के 15 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को दिया गया जिसमें से एक एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल हैं। यह पुरस्कार महेन्द्र अग्रवाल की ओर से प्रो.वाइस चांसलर, प्रो. (डॉ.) प्रसनजीत कुमार ने ग्रहण किया। यह सम्मान महेन्द्र अग्रवाल की उत्कृष्टता के प्रति उनके अडिग समर्पण और दृष्टिकोण नेतृत्व की सराहना है, जो एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के पूरे परिवार को प्रेरित करता है। उनके प्रयासों न केवल संस्था को ऊंचाइयों तक पहुंचाया, बल्कि समाज पर भी एक स्थायी प्रभाव डाला है।

## करंट से 11वीं के छात्र की मौत

### परिजन बोले- खेत में चारा लेने गया था, ट्यूबवेल की हौदी छूने पर लगा करंट



**हापुड़।** हापुड़ में 11वीं के छात्र की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। छात्र साइकिल से खेत में चारा लाने के लिए गया था। जहां ट्यूबवेल की हौदी में करंट आने से हादसा हो गया। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मामला बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के मुबारिकपुर सलामतपुर का है।

यहां के रहने वाले हरेंद्र सिंह का 17 वर्षीय पुत्र अंकुल उर्फ बत्तू गांव सिखेड़ा के राजकीय इंटर कॉलेज में कक्षा ग्यारहवीं का छात्र था। शिवरात्रि की छुट्टी होने की वजह से वह घर पर अपने परिजनों के साथ ही घर के कार्यो में हाथ बंटा रहा था।वह पशुओं के लिए चारा लेने साइकिल लेकर खेतों में गया था। खेत में लगी ट्यूबवेल की होदी के पास वह करंट की चपेट में आ गया।

पुलिस को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार किया वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने इस बात की जानकारी परिजनों को दी। छात्र के उसे पास के चिकित्सक के पास लेकर गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत के बाद परिजन शव को घर ले आए और बिना पुलिस की कार्रवाई के ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## तनुजा प्रयांश की मौत पर किया शोक व्यक्त



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रीना गजेन्द्र भाटी ने नगर पालिका परिषद क्षेत्र में निवास कर रही बहन तनुजा और लाडला प्रियाशुं की दिल्ली सरकार की घोर लापरवाही से मुत्यु होना एक बहुत ही दुःखत घटना है में स्व तनुजा और लाडला प्रियाशु अपने पार्टी एवं सरकार की तरफ से संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को पार्टी, सरकार एवं व्यक्तिगत रूप से सहयोग हेतु आश्वस्त करती हूँ।

### थार से स्टंट करते हुए युवक बना रहा था रील, 26 हजार का काटा चालान



**नोएडा।** नोएडा में हूटर लगी थार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कार में बैठक लोगों ने इसका वीडियो बनाया और वायरल कर दिया। ट्रैफिक पुलिस ने कार के नंबर के आधार पर 26 हजार का चालान किया। वहीं थार कार की तलाश की जा रही है। 11 सेकेंड का है वीडियो ये वीडियो नोएडा के सेक्टर-62 का है। थार में पुलिस का सायरन लगा है। वीडियो 11 सेकेंड का है। रोड पर कभी हाई तो कभी लो स्पीड में थार को चला रहा है। इसके अलावा लाइट भी ब्लिंग कर रहा है। सेक्टर-62 की इस रोड पर हैवी ट्रैफिक भी है। जिससे आसपास निकल रहे वाहनों को काफी परेशानी हो रही है।

## गाजियाबाद पुलिस ने खोज निकाला हत्यारा जानिए कैसे लगी पुलिस के वर्कआउट पर मुहर



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मैनापुर गांव में 29 जुलाई को हुई भोपाल सिंह की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्याभियुक्त को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल किया फावड़ा भी बरामद लिया है। बता दें कि राजमिस्त्री भोपाल सिंह नंदग्राम में क्षेत्र में रहता था। वह कुछ दिन से मैनापुर गांव में सोनू पुत्र गुलवीर के मकान पर काम कर रहा था। भूतल का काम पूरा होने के बाद निर्माण कार्य पहले मंजिल पर चल रहा था। हत्या के बाद भोपाल सिंह के बेटे प्रदीप ने मकान मालिक सोने से भुगतान को लेकर विवाद की बात कही थी। प्रदीप ने सोनू, सोनू की पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों को नामजद कराते हुए हुए एफआईआर दर्ज कराई थी।

मधुबन बापूधाम थाना पुलिस ने बताया कि वारदात के बाद मौके से भोपाल सिंह की बाइक गायब थी और भोपाल सिंह के साथ काम रहा बेलदार भी फरार था। पुलिस का सबसे पहला शक बेलदार पर ही गया। पुलिस ने सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज के सहारे गहन जांच की। जब पुलिस को यह विश्वास हो गया कि बेलदारअनस ही हत्या को अंजाम देने के बाद फरार हो गया। शुक्रवार को पुलिस ने अनस को मैनापुर फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से भोपाल सिंह की बाइक वढ14उअ2950 बरामद कर ली, अनस की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद कर लिया गया है। पूछताछ करने पर अभियुक्त अनस ने बताया कि 26 जुलाई को भोपाल सिंह हनुमान मन्दिर से मुझे 600 रुपये प्रतिदिन की दिहाड़ी के हिसाब से लेवर का काम करने के लिये बुलाकर गांव मैनापुर में सोनू के मकान पर ले गये थे। मैंने वहां तीन दिन काम किया। 29 जुलाई को मिस्त्री भोपाल ने मुझे मसाला बनाने में देर करने की बात कहकर मां बहन की भद्दी- भद्दी गालियां दीं थी। मना करने के बाद मिस्त्री ने गाली देना बंद नहीं किया तो मैने गुस्से में आकर फावड़े से उसके सिर पर तीन-चार वार कर दिए।

#### बेटे ने मकान के खिलाफ दर्ज कराई थी एफआईआर


मृतक के बेटे की तहरीर पर मुधबन बापूधाम थाना पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज कर ली, लेकिन पुलिस को शक हो गया था कि हत्या को अंजाम किसी और ने दिया है। इसलिए पुलिस ने सर्विलांस की मदद से गहन जांच की और आखिरकार मामले का खुलासा करके ही दम लिया है। पुलिस ने हत्याभियुक्त के कब्जे से आला कत्ल यानि फावड़ा और भोपाल सिंह की बाइक भी बरामद कर ली है। पूछताछ में हत्याभियुक्त ने अपना जुर्म कबूल किया है। उसने पुलिस को बताया है कि भोपाल सिंह के गालियां देने से नाराज था। इसीलिए फावड़े से उसके सिर पर वार कर फरार हो गया था।

## गाजियाबाद में डाक्टरों की घोर लापरवाही : बिना जरूरत के कर डाली सर्जरी, उसके बाद हुई ऐसी बात

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** डाक्टर को लोग धरती पर दूसरा भगवान मानते हैं, लेकिन गाजियाबाद में डाक्टरों की लापरवाही से इस इमेज को बड़ा धक्का लगा है। एक निजी अस्पताल के डाक्टरों ने सड़क दुर्घटना के बाद अस्पताल पहुंची 21 वर्षीय महिला की आनन फानन में सर्जरी कर डाली। सर्जरी भी ऐसी कि महिला ने ऑपरेशन टेबल पर ही दम तोड़ दिया। पीड़ित परिवार ने पुलिस को लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। करीब दस माह तक चली जांच- पड़ताल के बाद अब कविनगर थाना पुलिस ने तीन डाक्टरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### 18 अक्टूबर, 2023 को भर्ती हुई थी प्रिया

18 अक्टूबर, 2023 की बात है। शाम के समय प्रिया वर्मा को एक सड़क दुर्घटना के बाद मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। प्रिया को पीठ के निचले हिस्से और सीने में दर्द के साथ



दायीं टांग को हिलाने में तकलीफ हो रही थी। डाक्टरों ने जांच के बाद रीढ़ की हड्डी में दिक्कत बताई थी। एमआरई में एन5एस1 में उभार देखे जाने की बात कहते हुए न्यूरो सर्जन ने सर्जरी की सलाह दी थी।

परिजनों ने डाक्टरों की सलाह पर आगे बढ़ने का निर्णय लिया। 20 अक्टूबर, 2023 प्रिया का एंडो-पोर्टल माइक्रोस्कोपिक डिस्केक्टॉमी यानि सर्जरी की गई, लेकिन प्रिया की ऑपरेशन थिएटर में ही मौत हो गई थी। प्रिया के पिता ने डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कविनगर थाना पुलिस को तहरीर दी थी।

### अस्पताल ने सहानुभूति जताई

मामले में मणिपाल हॉस्पिटल की ओर से सहानुभूति जताते हुए जांच में सहयोग की बात कही है। अस्पताल ने यह भी माना कि प्रिया अस्पताल के एचआर डिपार्टमेंट से जुड़ी थी, लेकिन अस्पताल की स्टाफ न होकर आउटसोर्स कंपनी की मुलाजिम थी।

#### मणिपाल हॉस्पिटल के तीन डाक्टर और उनकी टीम नामजद

एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मणिपाल हॉस्पिटल के तीन डाक्टरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। अक्टूबर, 2023 में सर्जरी के दौरान 21 वर्षीय प्रिया वर्मा की ऑपरेशन थिएटर में ही मौत हो गई थी। मामले में सीएमओ गाजियाबाद की ओर से गठित कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में सर्जरी को गैर जरूरी बताया है, और साथ ही गलत प्रोसिजर अपनाने व गलत दवाईयों से महिला की जान जोन की बात कही है। एसीपी ने बताया पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बाइडन के मंत्री कर्ट कैंपबेल ने भारत को कहा एक महान शक्ति

## बोले- भारत विश्व स्तर पर जिम्मेदार भूमिका निभाना चाहता है



"मैं वास्तव में मानता हूं कि यह संभवत: अमेरिका के लिए सही होने के लिए सबसे महत्वपूर्ण संबंध है। मेरा मानना है कि भारत में अधिकांश लोग अमेरिका के साथ बेहतर संबंध चाहते हैं। कर्ट कैंपबेल
अमेरिकी उप-विदेश मंत्री



**वाशिंगटन।** भारत को एक महान शक्ति बताते हुए बाइडन प्रशासन ने अमेरिकी सांसदों से कहा कि नई दिल्ली विश्व स्तर पर जिम्मेदार भूमिका निभाना चाहता है। ये टिप्पणियां अमेरिकी उप-विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने हिंद-प्रशांत से परे अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धात्मकता पर एक सुनवाई के दौरान की। उन्होंने कहा, इस बात के भी संकेत हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी रूस के बाद इस माह के अंत में कीव का दौरा कर सकते हैं।

कैंपबेल ने कहा, भारत एक महान ताकत है और इसकी अपनी मान्यताएं तथा हित हैं। वे कभी भी अमेरिका के औपचारिक सहयोगी या भागीदार नहीं होंगे। उन्होंने सुनवाई के दौरान सीनेट की विदेश संबंध समिति के सदस्यों से कहा, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि वैश्विक मंच पर सहयोगी देशों के रूप में हमारे सबसे मजबूत रिश्ते नहीं हो सकते। वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक के लिए पीएम मोदी की हालिया मॉस्को यात्रा के बारे में सीनेटर जेम्स रिस्क के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमें भारत के यूक्रेन में अधिक सीधे तौर पर शामिल होने की खबरें सुनने की संभावना है।

**अमेरिका से अच्छे रिश्ते चाहते भारतीय :** अमेरिकी उप-विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने कहा, दुनिया में बहुत कम ऐसे देश हैं जिन्होंने ग्लोबल साउथ जैसी अपील की है। वैश्विक दक्षिण की भारत की क्षमता बेजोड़ है। हम भी अफ्रीका के साथ काम करना चाहते हैं। कैंपबेल ने सांसदों को बताया, मैं वास्तव में मानता हूं कि यह संभवतः अमेरिका के लिए सही होने के लिए सबसे महत्वपूर्ण संबंध है। मेरा मानना है कि भारत में अधिकांश लोग अमेरिका के साथ बेहतर संबंध चाहते हैं। वे हमारे द्विदलीय ध्यान के लिए आभारी हैं। उन्हें वह काम पसंद है जो हमने शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मिलकर किया है।

# विश्व बैंक ने कहा, भारत-चीन समेत 108 विकासशील देशों की प्रगति में बाधा बन रहा मध्यम आय का जाल




## 1990 में 34 देश ही उच्च आय वाली स्थिति में पहुंचने में सफल रहे

**वाशिंगटन।** चीन, भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका समेत 108 विकासशील देशों की प्रगति में मध्यम आय का जाल गंभीर बाधा बन रहा है। विश्व बैंक के एक नए अध्ययन के अनुसार विकासशील देशों को 'मध्यम आय के जाल' से बाहर निकलने में सक्षम बनाने के लिए यह अध्ययन पहला व्यापक रोडमैप प्रदान करता है। पिछले 50 वर्षों के सबक से सीख लेते हुए 'विश्व विकास रिपोर्ट-2024' में पाया गया है कि जैसे-जैसे देश अमीर होते जाते हैं, वे प्रति व्यक्ति सालाना 'मध्य आय के जाल' में फंस जाते हैं, जो वर्तमान में 8,000 डॉलर (6.7 लाख रुपये) के बराबर है। यह विश्व बैंक की ओर से 'मध्यम आय' वाले देशों के रूप में वर्गीकृत की गई सीमा के बीच में है।

1990 के बाद से केवल 34 मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाएं ही उच्च आय वाली स्थिति में पहुंचने में सफल रही हैं। उनमें से एक तिहाई से अधिक या तो यूरोपीय संघ में एकीकरण के लाभार्थी थे। 2023 के अंत में 108 देशों को मध्यम आय के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इनमें से प्रत्येक देशों की वार्षिक जीडीपी प्रति व्यक्ति 1,136 से 13,845 डॉलर के बीच थी। इन देशों में छह अरब (वैश्विक आबादी का 75 प्रतिशत) और हर तीन में से दो अत्यधिक गरीब यहीं रहते हैं। विश्व बैंक ने कहा कि वे वैश्विक जीडीपी का 40 प्रतिशत से अधिक और कार्बन उत्सर्जन का 60 प्रतिशत से अधिक उत्पन्न करते हैं।

**उच्च आय की स्थिति तक पहुंचने के लिए '3आई रणनीति' का प्रस्ताव :** विश्व बैंक समूह के मुख्य अर्थशास्त्री इंदरमीत गिल ने कहा, वैश्विक आर्थिक समृद्धि की लड़ाई में मध्य आय वाले देशों में से बहुत से देश उन्नत अर्थव्यवस्था बनने के लिए पुरानी रणनीतियों पर निर्भर हैं, जबकि इसमें नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है। अब एक त्रिआयामी रणनीति की जरूरत हैं, जो निवेश, समावेश और नवाचार को संतुलित करे। रिपोर्ट में देशों को उच्च आय की स्थिति तक पहुंचने के लिए '3आई रणनीति' का प्रस्ताव दिया गया है।

**सभी तीन चरणों में दक्षिण कोरिया का बेहतरीन उदाहरण :** गिल ने कहा कि विकास के चरण के आधार पर सभी देशों को अधिक परिष्कृत नीतियों को अपनाने की आवश्यकता है। मसलन 1आई चरण में कम आय वाले देश केवल निवेश बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई नीतियों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। एक बार जब वे निम्न-मध्यम आय की स्थिति प्राप्त कर लेते हैं, तो उन्हें गियर बदलने की आवश्यकता होती है। 2आई चरण में निवेश और ज्यादा निवेश पर फोकस करना चाहिए। इसमें विदेशों से प्रौद्योगिकियों को अपनाना और उन्हें अर्थव्यवस्था के रूप में समाहित करना शामिल है।

उच्च-मध्यम आय स्तर पर देशों को फिर से गियर बदलकर अंतिम 3आई चरण में जाना चाहिए, जिसका मतलब निवेश, नवाचार और प्रौद्योगिकी की वैश्विक सीमाओं को आगे बढ़ाना हैं।

# रूस की कैद से तीन अमेरिकी नागरिकों और एक ग्रीन कार्ड धारक को रिहा करवाया गया, बाइडन बोले- यह कूटनीति की उपलब्धि

## रिहा किए गए लोगों में वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच, पूर्व मरीन पॉल व्हेलन और पत्रकार अलसु कुमार्शेव शामिल



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को रूस की कैद से तीन अमेरिकी नागरिकों और एक ग्रीन-कार्ड धारक की रिहाई की घोषणा की। ये रिहाई रूस के साथ कैदियों की अदला-बदली समझौते के तहत की गई है। रिहा किए गए लोगों में वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच, पूर्व मरीन पॉल व्हेलन और पत्रकार अलसु कुमार्शेव शामिल हैं। बाइडन ने जानकारी देते हुए कहा, जिस समझौते ने नागरिकों की आजादी सुनिश्चित की वह कूटनीति की एक उपलब्धि थी। हमने रूस से 16 लोगों की रिहाई के लिए बातचीत की है - जिनमें पांच जर्मन और सात रूसी नागरिक शामिल हैं, जो अपने ही देश में राजनीतिक कैदी थे। इनमें से कुछ महिलाओं और पुरुषों को वर्षों से अन्यायपूर्ण ढंग से रखा गया है। सभी ने अकल्पनीय पीड़ा और अनिश्चितता को सहन किया है। आज, उनकी पीड़ा खत्म हो गई है।



अमेरिकी राष्ट्रपति ने मीडिया से बात करते हुए कहा, एक कठिन परीक्षा के बाद अब वो आजाद हैं। कुछ देर पहले उनके परिवार और मैंने टेलीफोन पर उनसे बात की थी। वे आज सुबह रूस से बाहर हैं। उन्हें तुर्की ले जाया गया और जल्द ही वे अपने परिवारों से मिलने के लिए घर की ओर रवाना होंगे। ाइडन ने कहा कि समझौते के तहत रूस ने 16 कैदियों को रिहा कर दिया है। पश्चिम में पकड़े गए आठ रूसियों को भी घर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि रूस ने जिन 16 कैदियों को रिहा किया है उनमें चार अमेरिकी, पांच जर्मन और सात रूसी नागरिक शामिल हैं जो अपने ही देश में राजनीतिक कैदी हैं।

### ईरान आतंकवाद का निर्यातक : अमेरिका

अमेरिका ने बुधवार को एक बयान में कहा कि ईरान आतंकवाद का सबसे बड़ा निर्यातक है और न सिर्फ पश्चिम एशिया में बल्कि पूरी दुनिया में ईरान द्वारा आतंकवाद फैलाया जा रहा है।

## अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स का चौंकाने वाला दावा

# 'हानिया के आवास में दो महीने पहले गुप्त रूप से लाया गया था विस्फोटक'



हमास ने हत्या की बात स्वीकार की और आरोप इस्राइल पर लगाया

**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में हमास की राजनीतिक शाखा के प्रमुख इस्माइल हानिया के घर पर हमला हुआ, जिसमें एक अंगरक्षक समेत इस्माइल हानिया की मौत हो गई। हमास ने भी इस्माइल हानिया की हत्या की बात स्वीकार की है और इसका आरोप इस्राइल पर लगाया है। इस बीच अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने दावा किया है कि तेहरान के जिस आवास में हानिया ठहरा हुआ था, वहां गुप्त रूप से एक विस्फोटक उपकरण लाया गया था। अखबार के अनुसार, मध्य पूर्व के पांच अधिकारियों ने बताया है कि विस्फोटक को करीब दो महीने पहले आवास में छुपाया गया था।

दावे के अनुसार, जिस सरकारी आवास में हानिया ठहरा हुआ था, वहां इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स का सख्त पहरा था। जिस परिसर में एक भाग में हानिया को ठहराया गया था, उसे नेशात के नाम से जाना जाता है। इससे पहले मंगलवार को ईरान के नए राष्ट्रपति के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इस्माइल हानिया तेहरान आया था। उस दौरान उसने ईरान के बड़े नेताओं से भी मुलाकात की थी। अखबार के अनुसार, मध्य पूर्व के पांच अधिकारियों ने बताया कि जब बार यह सुनिश्चित हो गया कि हानिया अपने कमरे में मौजूद है, तो बम को दूर से दागा गया। इस धमाके में हानिया का एक अंगरक्षक भी मारा गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस धमाके बाद पूरी इमारत थर्रा गई थी। कुछ खिड़कियां टूट गईं और आवास की बाहरी दीवार का कुछ हिस्सा भी भरभरा कर गिर गया। आगे बताया गया है कि रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स के दो सदस्यों ने घटना के बारे में जानकारी दी। न्यूयॉर्क टाइम्स का दावा है कि सबूत के रूप में कुछ तस्वीरें भी मौजूद हैं।

# भारतीय मूल के डॉक्टर होंगे डेमोक्रेट उम्मीदवार नवंबर में दिग्गज रिपब्लिकन से है मुकाबला



**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के डॉक्टर अमीश शाह ने एरिजोना से डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी में जीत दर्ज की है। इसके साथ ही वह नवंबर में होने वाले चुनाव में एरिजोना से रिपब्लिन पार्टी के उम्मीदवार की चुनौती का सामना करेंगे। 47 वर्षीय अमीश शाह के मुख्य प्रतिद्वंदी आंद्रेइ चेर्नी ने गुरुवार को अपनी हार स्वीकार कर ली, जिसके बाद एरिजोना से भारतीय मूल के डॉक्टर की उम्मीदवारी तय हो गई।

अमीश शाह इससे पहले राज्य के निचले सदन के भी सदस्य रह चुके हैं। प्राइमरी चुनाव में शाह को 1629 वोट मिले, जो कि कुल मतदान का 23.4 प्रतिशत है। शाह के मुख्य प्रतिद्वंदी चेर्नी को 21.4 प्रतिशत मतों से संतोष करना पड़ा। शाह और चेर्नी के अलावा एरिजोना से डेमोक्रेट प्राइमरी चुनाव में पूर्व न्यूज एंकर मार्लेन गैलन वुड्स, आथोडोंटिस्ट एंड्रयू होर्न, अमेरिकी रेड क्रॉस के पूर्व क्षेत्रीय सीईओ कर्ट क्रोएमर और इनवेस्टमेंट बैंकर कोनोर ओ कैलेघन भी चुनाव मैदान में थे।

नवंबर में होने वाले अमेरिका के निचले सदन हाउस ऑफि रिप्रजेंटेटिव्स के चुनाव में शाह का मुकाबला रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डेविड स्वीकर्ट से होगा। गौरतलब है कि स्वीकर्ट सातवीं बार चुनाव लड़ने जा रहे हैं और मंगलवार को हुए रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी में उन्होंने आसानी से जीत हासिल की। साल 2022 के चुनाव में स्कीवर्ट ने डेमोक्रेट पार्टी के उम्मीदवार जेविन हॉज को हराया था।

# ट्रंप को मिल रही खूब फंडिंग, जुलाई में ही जुटाए 13 करोड़ डॉलर



## कमला हैरिस पर की नस्लीय टिप्पणी

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया है कि उनके अभियान ने जुलाई में 13 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम जुटाई है और अब उनके पास कुल 32 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम नकद है। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन मूवमेंट जैसा पहले कभी कुछ नहीं हुआ। हमने अकेले जुलाई में 13.9 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। अब हमारे पास 32.7 करोड़ डॉलर नकद हैं।'

ट्रंप ने लिखा कि 'महान अमेरिकी देशभक्तों से शानदार समर्थन मिला है, जो संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए हमारे अभियान में दान कर रहे हैं। हालांकि अभी बहुत काम करना है, लेकिन मैं हमेशा आपके लिए लड़ता रहूंगा। हम बतौर देश विफल हो रहे हैं, लेकिन हम इसे जल्दी ही ठीक कर देंगे और अमेरिका को फिर से महान बना देंगे।' ट्रंप के प्रचार अभियान ने बयान में कहा कि 'ये संख्याएं हर स्तर पर दानदाताओं की निरंतर गति को दर्शाती हैं और 5 नवंबर को जीत तक अंतिम 96 दिनों के लिए संसाधन प्रदान करती हैं।'

**कोर्ट से ट्रंप को लगा झटका :** न्यूयॉर्क की एक अपीलीय अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप को झटका दिया है। दरअसल पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने अदालत में गुप्त धन से जुड़े एक आपराधिक मामले में जारी एक आदेश को समाप्त करने की अपील की थी। हालांकि कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। साथ ही अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति के इस तर्क को भी खारिज कर दिया है कि मई में उन्हें दोषी ठहराए जाने से 'परिस्थितियों में बदलाव' हुआ है, जिसके कारण प्रतिबंधों को हटाना जरूरी है।

डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को 'नेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्लैक जर्नलिस्ट्स' के सालाना सम्मेलन में अपनी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस की नस्लीय पहचान पर सवाल उठाया। ट्रंप ने कहा कि 'वह (हैरिस) हमेशा से भारतीय मूल की थीं और वह केवल भारतीय मूल को बढ़ावा दे रही थीं। मुझे नहीं पता था कि वह अश्वेत हैं, जब तक कि वह कई साल पहले अश्वेत नहीं हो गईं। अब वह अश्वेत के रूप में जानी जाना चाहती हैं।' ट्रंप के इस बयान पर दर्शकों ने कुछ नाराजगी जताई। गौरतलब है कि हैरिस ने अश्वेत और दक्षिण एशियाई अमेरिकी दोनों के रूप में पहचान बनाई है। वह पहली अश्वेत और एशियाई अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैं।



शिविर में आने वाले शरणार्थियों की संख्या कई गुना बढ़ गई है

संकीर्ण और बदहाल जीवन जीने को मजबूर हैं शरणार्थी

# लेबनान : असहनीय पीड़ा खत्म होने के लंबे इंतजार में जी रहे फलस्तीनी शरणार्थी

**विशेष:** फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए यूएन सहायता एजेंसी UNRWA का कहना है कि इस एक वर्ग किलोमीटर के दायरे में, 21 हजार से अधिक फलस्तीनी लोग, बहुत से निर्धन लेबनानी नागरिकों और सीरियाई शरणार्थियों के साथ गुजारा करते हैं।

अल बिद्दावी शिविर 1955 में फलस्तीनी नकबा के दौरान उन लोगों को आश्रय देने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था, जिन्हें इस्राइली सेना ने ऊपरी गेलीली और उत्तरी तटीय शहरों से जबरन बेदखल किया गया था। नकबा को अरबी भाषा में प्रलय जैसे हालात भी कहा जाता है। उसके बाद से इस शरणार्थी शिविर में आने वाले शरणार्थियों की संख्या कई गुना बढ़ गई है, क्योंकि हिंसा ने, इन देशविहीन फलस्तीनी शरणार्थियों का पीछा नहीं छोड़ा है। ये लोग लेबनान में गृहयुद्ध सेलेकर सीरिया में युद्ध तक से भी प्रभावित हुए हैं। इस कारण भारी संख्या में सीरियाई और फलस्तीनी शरणार्थी इस छोटे से देश लेबनान में पहुंचे हैं। संकीर्ण और बदहाल सड़कें यहां जीवित रहने के संघर्ष की प्रतीक हैं।

फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए यूएन सहायता एजेंसी UNRWA का कहना है कि इस एक वर्ग किलोमीटर के दायरे में, 21 हजार से अधिक फलस्तीनी लोग, बहुत से निर्धन लेबनानी नागरिकों और सीरियाई शरणार्थियों के साथ गुजारा करते हैं। वर्ष 2019 के अंत से लेबनान में आर्थिक संकट की जकड़ बढ़ने के कारण इस इलाके में अन्य वंचित इलाकों की ही तरह रोजगारपरक काम की कमी हो गई है और जो लोग काम कर भी रहे हैं वे भी बमुश्किल गुजारा कर पा रहे हैं।

### अहमद की आपबीती

अहमद (परिवर्तित नाम) आठ बच्चों के बेरोजगार पिता हैं और कई पुरानी बीमारियों से पीड़ित हैं। अहमद उनका असली नाम नहीं है। उन्होंने अपना असली नाम बताने में कतराते हुए यूएन न्यूज को बताया कि अक्सर चूहे, सड़क से लेकर चौथी मंजिल तक बिजली के तारों के सहारे उनके घर तक पहुंच जाते हैं। आसपास की अन्य इमारतों से जगह की तंगी के कारण उनके घर की खिड़कियां बंद रहने के बावजूद वो, चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के लिए अपने घर की खिड़कियां खुली रखने की कोशिश करते हैं।

अहमद के परिवार के पास एक पंखा भी नहीं है, जिसे वे अपने पड़ोसी से मिली थोड़ी सी बिजली से जोड़ सकें। उनके खाली फ्रिज में झांकने से पता चलता है कि यह परिवार कई रातें, खाना खाए बिना ही गुजारता है। अहमद ने बताया कि जब तक उन्हें UNRWA की नकदी सहायता से कुछ राहत नहीं मिल जाती, तब तक उन्हें कोई भी जन, धन उधार नहीं देता।

UNRWA उन्हें हर 12 सप्ताह में 18 साल से कम उम्र के प्रत्येक बच्चे के लिए, 50 अमरीकी डॉलर की सहायता करती है और बजटीय मुद्दों के कारण हाल ही में यह राशि घटाकर 30 डॉलर कर दी गई। अहमद ने कहा कि घर का पका हुआ खाना खरीदने में कम से कम दस लाख लीरा (11.17 अमरीकी डॉलर) की कीमत लगती है। वे कहते हैं कि मेरे बड़े बेटे को बोलने में मुश्किल होती है। मैंने उसे एक पेशा सिखाने की कोशिश की, लेकिन लोग उसका मजाक उड़ा रहे थे, इसलिए अब वह अपने भविष्य में किसी बेहतरी की उम्मीद के बिना ही घर पर बैठा है। इस शिविर में ऐसे बहुत से लोग हैं, जो इसी तरह की स्थिति में जी रहे हैं और वे भी भीख मांगने में शर्म महसूस करते हैं। ईश्वर सभी लोगों की पीड़ा को कम करे।

UNRWA एजेंसी अल बिद्दावी शिविर और पूरे क्षेत्र में फलिस्तीनी आबादी की सहायता करने के लिए वह सब कुछ कर रही है, जो 1949 में महासभा के प्रस्ताव 302 के जरिए अनिवार्य बनाया गया था। UNRWA ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक सेवाओं जैसे अधिकांश नागरिक मामलों को अपने हाथ में ले लिया है, जबकि शिविर में सुरक्षा और प्रबंधन जैसे मामले फलस्तीनी गुटों और समितियों की जिम्मेदारी है।

शिविर की एकमात्र UNRWA संचालित स्वास्थ्य सुविधा में 28 कर्मचारी सदस्य हैं, जो स्वयं भी सभी फलस्तीनी शरणार्थी हैं।

### अपने समुदाय की सेवा में जुटे फलस्तीनी

डॉक्टर गुनीम ने जोर देते हुए कहा कि फलस्तीनी शरणार्थियों का प्रश्न ही UNRWA के अस्तित्व की आवश्यकता को कायम रखता है। उन्होंने कहा कि मैं UNRWA में अपने काम पर गर्व महसूस करता हूं, जिसके माध्यम से मैं अपने फलस्तीनी लोगों की सेवा करने में सक्षम हूं। UNRWA का अस्तित्व नकबा और 1948 से आज तक हमारे शरणार्थी दर्जे के प्रश्न का एकमात्र गवाह है। यह एजेंसी हमारी रक्षा करती है और इंशाअल्लाह जब तक हम अपनी भूमि पर वापिस नहीं लौट जाते तब तक यह हमारी बुनियादी जरूरतों को पूरा कर रही है।




# उधार की पिस्टल से गाजियाबाद की बेटी ईशिता मलिक ने दिल्ली स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में जीते मेडल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एकलव्य शूटिंग एकेडमी भागीरथ पब्लिक स्कूल की होनहार निशानेबाज ईशिता मलिक ने दो सिल्वर मेडल जीत कर जनपद गाजियाबाद का नाम रोशन किया है। 17 से 25 जुलाई 2024 तक दिल्ली में आयोजित दिल्ली स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करते हुए होनहार निशानेबाज इशिता मलिक ने .22 बोर सपोर्ट पिस्टल 25 मीटर आईएसएसएफ सीनियर वूमेन वर्ग में 545/600 का स्कोर बनाकर सिल्वर मेडल जीता है। कोच रहीश मलिक ने बताया, एकलव्य शूटिंग एकेडमी भागीरथ पब्लिक स्कूल की ओर से ईशिता ने प्रतियोगिता में भाग लिया और दो सिल्वर मेडल जीतकर अपने जनपद का नाम रोशन किया है।

### 'लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निरन्तर अभ्यास जरूरी'

**करंट क्राइम।** भागीरथ पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अनादि शुकुल, भागीरथ सेवा संस्थान के डायरेक्टर अमिताभ सुकुल, भागीरथ पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य ने इशिता मलिक को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरन्तर अभ्यास पर ध्यान लगाने के लिए प्रेरित किया। इशिता मलिक ने निशानेबाजी कोच रहीश मलिक के निर्देशन में प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कोच ने बताया अगस्त महीने में दिल्ली में आयोजित होने वाली इंडिया शूटिंग टीम ट्रायल में भी एकलव्य शूटिंग एकेडमी के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

# सन्त निरंकारी मिशन रविवार को गाजियाबाद में करेगा रक्तदान शिविर का आयोजन



गाजियाबाद, करंट क्राइम। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के पावन आशीर्वाद से सन्त निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (सन्त निरंकारी मिशन का सामाजिक विभाग) गाजियाबाद में रविवार को स्थानीय लोहिया नगर स्थित अग्रसेन भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा। निरंकारी मिशन के अनुयायी एवं भक्त मानव कल्याण के लिए रक्तदान करेंगे ताकि मानव का रक्त व्यर्थ न हो और मानव की रगों में ही बहे। बाबा हरदेव सिंह के कथनानुसार 'रक्त नालियों में नहीं नाड़ियों में बहना चाहिए' इससे प्रेरित होकर रक्तदान को अपनी भक्ति का ही अंग बनाते हुए सभी श्रद्धालु भक्त इस महान अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। रक्त संग्रह करने के लिए जिला अस्पताल (एमएमजी अस्पताल) के ब्लड बैंक की टीम व दिल्ली से गुरुतेग बहादुर अस्पताल ब्लड बैंक के डॉक्टर और उनकी टीम उपस्थित होंगी। सन्त निरंकारी मिशन सम्पूर्ण भारतवर्ष सहित विदेशों में भी रक्तदान शिविरों का आयोजन करता रहा है। वर्ष 1986 से अब तक निरंतर मिशन ने हजारों की संख्या में रक्तदान शिविर आयोजित किए हैं जिनसे लगभग 14 लाख यूनिट से अधिक रक्तदान प्राप्त हुआ है। गाजियाबाद के संयोजक सतीश गांधी ने आग्रह किया कि स्वेच्छा से रक्तदान शिविर में सम्मिलित होकर रक्तदान करें।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार भगवागढ़ के एक अति वरिष्ठ दावेदार टिकट पाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं यार? सुना है इस मुहीम में वो तलाश रहे हैं अवधेश में आनंद? इस बात की है बाकी दावेदारों को भी खबर? हो रही थी इस बात की पार्टी कार्यालय पर भी चर्चा? कहने वाले कह रहे थे अगर मिल गया ये वाला आशीर्वाद तो अति वरिष्ठ नेता जरूर भरेंगे पर्चा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लगता है फिर से निकलने वाले हैं भगवागढ़ में शब्दों के तीर? अगर बात को संभालने वालों ने बीच में नहीं संभाला तो फिर परिणाम आ सकते हैं गंभीर? किसी ने की है किसी की तारीफ? किसी ने किया है इस तारीफ को खारिज? कहने वाले ने कहा कि तारीफ को खारिज करने वालों का अपना ही है इतिहास? वो पकड़ लेते हैं जब कोई मुहीम तो फिर सांस नहीं लेते हैं साहब? भगवा पहलवान समझ ही गये होंगे सारी बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कार्यकारिणी चुनाव के दिन जब हुआ था व्यापारियों का धरना? उस धरने की बड़े अधिकारी तक कुछ अपने ही पार्षदों ने पहुंचा दी है रिपोर्ट? अपनों ने ही गिराई है नशे-मन पर बिजलियां, करके अधिकारी का सपोर्ट? दिया है अधिकारी को क्लीयर पैगाम? धरने को कराने के पीछे है हमारी ही पार्टी के पार्षद का नाम? उनके कहने पर मचा था इतना शोर? समझ जाओ ये वो ही मैम्बर है जिनका दिल मांग रहा था मोर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब तो भगवा पार्षदों को पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ही बना लिया है अपने गुस्से का शिकार? सोशल मीडिया पर उन पर ताने कसे जा रहे हैं यार? हमारी थी नदिया पार के एक ग्रुप पर नजर? ग्रुप में भगवा मैम्बर कोटी जी पर कर दिया एक कार्यकर्ता ने शब्दों का प्रहार? कह दिया आपकी कोई अधिकारी बात तो सुनता ही नहीं है? समझ ही नहीं आ रहा क्या है आपका किरदार? क्या कहने वाला कहना चाह रहा था कि कोटी वालों को मैम्बर बनाकर उसका वोट हो गया है बेकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये तो हमें हो गया है यकीन कि ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि 2.0 को उनके पार्षद कर रहे हैं पूरी सपोर्ट? हमने देखा वो शुक्रवार को किसी वजह से नहीं कर पाई कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा? उनकी गैर मौजूदगी में किसी भी पार्षद ने नहीं किया मौके पर रिपोर्ट? बस एक दो मैम्बर ही मौके पर आ रहे थे नजर? वो भी कह रहे थे कि हमें नहीं पता था कि आज मैडम नहीं आयेंगी? नहीं तो उनके बगैर हम भी नहीं आते इधर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको एक बात बता रहा हूं, उस बात की नहीं है कोई हद? जल्द ही बढ़ने जा रहा है गाजियाबाद के सभी जनप्रतिनिधियों में से किसी एक जनप्रतिनिधि का बहुत बड़ा कद? वो देने वाले हैं हर किसी को पहले की तहर सरप्राईज? उनका चेहरा बताया जाता है राजनीति में बहुत ही नाईस? बस कुछ दिनों की बात है घोषणा होने में? जल्द खत्म होगी ये वाली आईस-पाईस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर डॉली दीदी को लड़ना होता शहर सीट से चुनाव? तो उन्होंने अभी से शुरू कर दिया होता इस सीट पर काम? देना शुरू कर दिया होता अभी से मतदाताओं में अपनी दावेदारी का पैगाम? हमें पता है वो रहती हैं राजनीति में काफी एक्टिव? नहीं बैठतीं हैं कभी भी शांत? फिलहाल उनकी खामोशी करा रही है इस बात का एहसास? उपचुनाव को लड़ने का नहीं है उनका कोई प्लान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें तो बहुत ही गजब नजर आया इस बार पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी को लखनऊ वाला टूर? पार्टी के तमाम बड़े नेताओं ने उन्हें प्यार दिया भरपूर? मुख्यमंत्री योगी जी का मिला जहां उनको आशीर्वाद? हमने देखा वो नजर आ रहे थे लखनऊ में दोनों डिप्टी सीएम के साथ? इतना ही नहीं प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी से भी अकेले में रखे उन्होंने विचार? कंधे पर हाथ रखकर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने भी दिखाया अपना प्यार? लग रहा है बात बन जायेगी इस बार दो विधानसभा पर? या तो मामला मीरापुर होगा या फिर होगा गाजियाबाद सीट से पार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जो देख रहे हैं अपना शहर विधानसभा से टिकट होने का ख्वाब? उन्हें जानकारी नहीं है कि एक पुराने चौधरी ने बनाया हुआ है पार्टी के एक बड़े वैश्य नेता पर बहुत ज्यादा दबाव? लगातार मुलाकातें करके वो बना रहे हैं वैश्य नेता पर बहुत ज्यादा प्रेशर? कह रहे हैं इस बार मुझे आपसे है पहले के मुकाबले पॉजिटिव शिफारिश की उम्मीद? भले ही पहले आप मुझे ना पहुंचा पाये हों? मगर इस बार जरूर पहुंचायेंगे विधानसभा के नजदीक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी दुआ है आज कि शर्मा एंड कंपनी के सिरमोर की फूडचैन पूरे देश में छा जाये साहब? उनका ये मामला हो जाये बहुत ज्यादा फाईन? वो कारोबार में इतने डूब जायें कि राजनीति के बिल्कुल भी नहीं मिले उन्हें टाईम? बस यही है हमारे दिल की चाहत? वो राजनीति की जगह अपने व्यापार में खो जायें? इससे उन्हें भी मिलेगी और हमको भी मिलेगी राहत?

नोट: उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# डॉ.अतुल जैन ने कांवड़ियों की सेवा में भाग लिया और चिकित्सा शिविर में पहुंचे





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन अपने समस्त समर्पण ग्रुप के साथ सुबह-सुबह धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा कांवड़ियों की सेवा के लिए लगाए गए चिकित्सा शिविर में पहुंचे। उन्होंने प्रसाद वितरण में भाग लिया। भोले के भक्तों के लिए काफी वर्षों से यह शिविर लगाया जाता है और हजारों की संख्या में प्रतिदिन शिव भक्त शिविर में नाश्ता, भोजन, स्नान एवं विश्राम इत्यादि करते हैं। रात्रि के समय डॉ.अतुल कुमार जैन रोटरी गाजियाबाद सेंट्रल द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में उपस्थित हुए। कांवड़िए भव्य रूप में सुंदर सजावट वाली कांवड़ को लेकर जा रहे थे। पुलिस प्रशासन का योजनाबद्ध तरीके से किया हुआ प्रबंध बहुत अच्छा था।

### 'वर्ष 2022 में जहां 132 शिविर लगते थे इस बार 300 से अधिक शिविर लगाए गए'

**करंट क्राइम।** इस बार कांवड़ियों की संख्या पिछले वर्षों के मुकाबले काफी बढ़ी हुई है। वर्ष 2022 में जहां 132 शिविर लगते थे इस बार 300 से अधिक शिविर लगाए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों के जरिए नियंत्रण रखा जा रहा है। आशा ही नहीं विश्वास है कि शिव भक्त कांवड़ियों की यात्रा सफलतापूर्वक सकुशल संपन्न होगी। इस मौके पर अतुल कुमार जैन के साथ रामनिवास बंसल, राजीव खंडेलवाल, सुनील जैन, राजीव मंगल, सुधीर जैन, सुशील कुमार, सुनील जैन, रोटरी क्लब गाजियाबाद सेंट्रल के अध्यक्ष अजय शर्मा, सचिव अनुपम गर्ग, मनोज सिंघल और संजय गर्ग इत्यादि उपस्थित रहे।

## धूम-धाम से निकली शिप्रा सनसिटी में शिव की बारात



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के शिप्रा सनसिटी में शिवरात्रि के पर्व शिव बारात निकाली गई। शिवरात्रि पर शिव बारात झांकी स्वरूप निकलती हैं। इस बारात में स्थानीय महिलाओं शिव पार्वती का रूप धारण कर शिव बारात में शामिल होते हैं। देवाधिदेव महादेव की नगरी काशी अपने आराध्य की शादी में सुबह से ही झूमता गाता नजर आया। शिप्रा सनसिटी लेन 7 से शुरू हुई और लेन 1 पर शिव पर्तवी विवाह के बाद समापन हुआ। इस अवसर पर निरूपा चमोला, भूमिका, विन्दा चावड़े, सुजाता गुप्ता, कविता सिंह, कविता पालीवाल, डॉ अरुणिमा सिंगल आदि महिलाएं मौजूद रही।

# भाजपा युवा मोर्चा ने कांवड़ सेवा शिविर के समापन पर कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में 5 दिन चले कांवड़ सेवा शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। इस दौरान हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले सैकड़ों कांवड़ियों की सेवा में लगाए गए युवा मोर्चा के इस शिविर में एक साथ कई लोगों ने सेवाएं दीं एवं कांवड़ियों में भी उत्साह नजर आया। युवा मोर्चा का ये शिविर 29 जुलाई से 2 अगस्त तक चला। इस शिविर में कांवड़ियों के विश्राम से लेकर उनका खाने-पीने की भरपूर व्यवस्था की गई थी। अच्छी चिकित्सा सुविधाओं के लिए डॉक्टर्स की टीम को सम्मानित किया गया।

कांवड़ियों को प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें भोजन, दूध, चाय, फल की व्यवस्था की गई थी। समापन में सभी युवा मोर्चा के सेवादारों का महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने पटका पहनकर सम्मान किया।

मुख्य रूप से पार्षद राहुल शर्मा, नितिन शर्मा, दीपक शर्मा, पुष्पेंद्र गुप्ता, राहुल मावी, हरीश गौड़, अरुण भड़ाना, दीपक मंडल, सुमित मावी, अनुज कासना, हरिओम, पंकज लड्डू, लोवनेस त्यागी, संदीप वर्मा ने हरिद्वार से कांवड़ लेकर आये पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय की टीम को शिल्ड देकर सम्मानित किया गया।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जीवन साथी के जन्मदिन पर बेहद खूबसूरत शब्दो के साथ योगेश भाटी ने शुभकामना संदेश दिया। उन्होंने अपनी पत्नी आरती भाटी को अपने परिवार की धुरी और सामाजिक राजनीतिक जीवन में संघर्ष की साथी बताते हुए इस पल को फेसबुक पोस्ट बनाया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# वीवीआईपी ऐड्रेसेस राजनगर एक्सटेंशनं में धूमधाम से मनाई गई शिवरात्रि







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वीवीआईपी एड्रेसेस सोसाइटी राजनगर एक्सटेंशन में शुक्रवार को धूमधाम से शिवरात्रि का त्योहार मनाया गया। सोसाइटी के लोगों ने मिलकर सबसे पहले भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। शिवलिंग पर शिवरात्रि का जल चढ़ाने की शुरुआत मंदिर के पुजारी ने धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार की। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी योगेश ने बताया की धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन शिवरात्रि पर महादेव की पूजा-अर्चना से जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। साथ ही मन से सभी तरह के भय दूर होते हैं। सावन शिवरात्रि के दिन सभी कांवड़िए गंगा तट से लाए हुए जल को शिवलिंग पर अर्पित करते हैं। इस पावन अवसर पर वीवीआईपी धार्मिक समिति के लोग भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मुख्य रूप से जेपी कश्यप, सतीश जैन, जैन शिकंजी वाले यज्ञ दत्त त्यागी, पी पी त्यागी, आरपी त्यागी, हरीराज त्यागी, आमोद मित्तल, विभोर मित्तल, गौरव गर्ग, अशोक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट: चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।